दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 264 ■ भीलवाड़ा ■ गुरूवार 05 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, कृष्ण पक्ष-एकादशी, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

लाखों रुपए का सामान मलबे में दबकर खराब, बाल-बाल बचे पांच कार्मिक

शास्त्री नगर में ब्यूटी सैलून की छत ढही
मरम्मत के लिए यूआईटी ने नहीं दी थी अनुमति

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के व्यस्ततम शास्त्री नगर क्षेत्र में बैंक ऑफ इंडिया के सामने गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चालू ब्यूटी सैलून की जर्जर छत अचानक भरभराकर नीचे आ गिरी। दिवाली के त्योहार के कारण सैलून में ग्राहकों और महिला कर्मचारियों की खासी मौजूदगी थी। गनीमत रही कि भारी मलबा गिरने के बावजूद किसी को गंभीर चोट नहीं आई और सभी की जान बाल-बाल बच गई।

हादसे के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और नगर विकास न्यास (यूआईटी) की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश फूट पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के वक्त सनशाइन फैमिली ब्यूटी सैलून में सामान्य दिनों से अधिक चहल-पहल थी। दिवाली के चलते महिलाएं सजने-संवरने के लिए आई हुई थीं और सैलून कर्मी अपने काम में व्यस्त



थीं। इसी दौरान छत से अचानक प्लास्टर गिरा और देखते ही देखते पुरानी पट्टियां चरमराते हुए नीचे आ गिरीं। धमाके की आवाज और धूल के गुबार के बीच सैलून में चीख-पुकार मच गई। अंदर मौजूद महिलाएं और ग्राहक जान बचाने के लिए बदहवास होकर बाहर की ओर भागे। हालांकि मलबे की चपेट में आने से कुछ लोगों को हल्की खरोंचें जरूर आईं, लेकिन समय रहते बाहर निकल जाने से एक बड़ा और दर्दनाक हादसा टल गया। घटना के बाद आसपास के दुकानदार व राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया।



यूआईटी की लापरवाही पर फूटा गुस्सा

सैलून के रौनक सेन और राजेंद्र सेन ने बताया कि यह दुकान यूआईटी द्वारा वर्ष 1982 में आवंटित की गई थी। चार दशक पुरानी यह इमारत लंबे समय से जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी थी। दुकानदारों का आरोप है कि छत की मरम्मत और नवीनीकरण की अनुमति के लिए कई बार नगर विकास न्यास कार्यालय के चक्कर काटे गए। दुकानदारों ने बताया कि मरम्मत और पट्टा सुधार के लिए यूआईटी में बार-बार फाइलें लगाई गईं और लिखित आवेदन दिए गए। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों और संबंधित विभाग की सुस्ती के चलते न तो मरम्मत की आधिकारिक अनुमति दी गई और न ही पट्टा सुधार की प्रि या को आगे बढ़ाया गया। प्रशासनिक अनदेखी के कारण आखिरकार यह ढांचा ढह गया।

पानी की टंकी का भार नहीं सह सकीं पुरानी पट्टियां

घटना के तकनीकी कारणों पर नजर डालें तो जर्जर छत पर रखी पानी की टंकी हादसे का मुख्य कारण बनी। छत की पट्टियां दशकों पुरानी और कमजोर हो चुकी थीं। छत पर रखी भारी पानी की टंकी के अत्यधिक भार और पानी के संभावित रिसाव को पुरानी पट्टियां सहन नहीं कर सकीं और अचानक टूटकर नीचे आ गिरीं।

लाखों का सामान मलबे में दबा, रो-रोकर बुरा हाल

छत गिरने से सैलून के अंदर रखा कीमती फर्नीचर, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, ब्यूटी केयर मशीनें और कॉस्मेटिक्स का पूरा नया स्टॉक भारी मलबे के नीचे दब गया। त्योहारी सीजन के चलते सैलून में व्यापक स्तर पर कॉस्मेटिक उत्पादों का स्टॉक मंगाया गया था, जो पूरी तरह चकनाचूर हो गया। इस हादसे में लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। सैलून संचालक और वहां कार्यरत महिला कर्मियों की रोजी-रोटी का साधन छिन जाने से उनका रो-रोकर बुरा हाल है। त्योहार के ऐन वक्त पर हुई इस क्षति ने परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है।

पट्टा सुधार और मुआवजे की मांग

घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और पीड़ित दुकानदारों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। दुकानदारों का कहना है कि शहर में यूआईटी द्वारा दशकों पूर्व आवंटित कई व्यावसायिक संपत्तियां अब जर्जर हाल में हैं। व्यापारियों ने मांग की है कि दुकानदार को हुए भारी आर्थिक नुकसान का तत्काल सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिया जाए। जर्जर हो चुकी इन दुकानों के पट्टों का शीघ्र नवीनीकरण व सुधार किया जाए। नियमानुसार दुकानदारों को समयबद्ध तरीके से मरम्मत कार्य कराने की अनुमति दी जाए, ताकि भविष्य में किसी जानलेवा हादसे को टाला जा सके।


बालाजी की असीम कृपा से समस्या का तुरंत निदान
विक्रम सिंह सोनी
राजस्थान के जाने-माने ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष सम्बन्धित सभी समस्याओं का तुरंत निवारण सशुल्क ऑनलाईन किया जाता है।
मिलने के लिए आप 3 से 6 प्रतिदिन फोन करके पधारें।
डांगी फैक्ट्री के पीछे, सांवरिया मंदिर के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा
9509837485, 6350542648

त्यौहारों पर कानून व्यवस्था हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आगामी त्योहारों पर 8 नवंबर को दीपावली, 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा, 11 नवंबर को भाईदूज एवं 24 नवंबर को गुरूनानक जयंती के अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार कार्यपालक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है।

सुभाषनगर एवं सदर थाना क्षेत्र भीलवाड़ा हेतु उपखण्ड मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा प्रमोद सिरवी (94139-61132) एवं नायब तहसीलदार कारोई ज्योत्सना (70144-58285), कोतवाली एवं भीमगंज थाना क्षेत्र हेतु तहसीलदार भीलवाड़ा दिनेश कुमार साहू (99828-37129) एवं तहसीलदार भू अभिलेख लालाराम मीणा (70738-86619) तथा गांधीनगर, प्रतापनगर एवं पुर थाना क्षेत्र हेतु सहायक भू प्रबंध अधिकारी प्रथम विनोद कुमार गोखरू (98292-36346) एवं सहायक भू प्रबन्ध अधिकारी द्वितीय जय प्रकाश रोलन (70140-62039) की ड्यूटी लगाई गई है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट समकक्ष वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए त्यौहार/अवसर पर कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी रखेंगे एवं सतर्कता बरतेंगे। डॉ. हरीतिमा, अति. जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रभारी मजिस्ट्रेट होंगी ।

आस्था या छलावा! धनतेरस पर पीली मिट्टी के नाम पर पार्कों में डाली जा रही कालीघार



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

धनतेरस पर शहरवासियों की धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर पीली मिट्टी उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है लेकिन धरातल पर सच्चाई इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। निगम प्रशासन की इस उदासीनता के कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

सनातन परंपरा में धनतेरस और दीपावली के अवसर पर घर-आंगन को लीपने और पूजा-पाठ के लिए शुद्ध पीली मिट्टी का विशेष महत्व है। श्रद्धालु इसे पूर्ण पवित्रता और श्रद्धा के साथ घर ले जाते हैं। नगर निगम द्वारा पीली मिट्टी के नाम पर कहीं से भी खुदाई करके कचरा, कंकड़ और कालीघार (काली गंदी मिट्टी) लाकर पार्कों में उड़ेल दी गई है। पार्षद योगेश सोनी ने इस पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि दावों के विपरीत स्थलों पर केवल बदरंग और कचरा नुमा मिट्टी ही देखने को मिल रही है। महिलाओं का कहना है कि यह केवल बजट खपाने की औपचारिकता है। धर्म के नाम पर आम जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।पार्षद सोनी सहित महिलाओं ने महापौर जसवंत कंवर से मांग की है कि वे इस मामले का तत्काल संज्ञान लें। ठेकेदारों व जिम्मेदार अधिकारियों की इस लापरवाही की जांच कराई जाए और पार्कों में तुरंत साफ व शुद्ध पीली मिट्टी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालु पवित्रता के साथ अपना त्योहार मना सकें।

टेक्सटाइल उद्योग ने मांगी एक वर्ष की पेनल्टी में छूट, त्रैमासिक रिटर्न

मुंबई में टीएसआरएस कार्यशाला में लघु उद्योग भारती ने उठाए टेक्सटाइल एमएसएमई के मुद्दे

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अधीन वस्त्र आयुक्त कार्यालय द्वारा मुंबई में आयोजित टेक्सटाइल स्टेटिस्टिकल रिर्टन्स सिस्टम (टीएसआरएस) की राष्ट्रीय कार्यशाला में लघु उद्योग भारती ने टेक्सटाइल एवं एमएसएमई से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए।

भीलवाड़ा से अध्यक्ष शम्भु प्रसाद काबरा ने पत्र के माध्यम से कपिल गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष टेक्सटाइल डिवीजन, लघु उद्योग भारती को एमएसएमई की समस्याओं से अवगत कराया जिसे मीटिंग में समाधान हेतु कपिल गुप्ता ने टीएसआरएस की मीटिंग में रखा। प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्ष 2024 से टीएसआरएस लागू होने के बावजूद पर्याप्त प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण के अभाव में अनेक सूक्ष्म एवं लघु उद्यमी इसकी पंजीकरण प्रक्रिया और अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं से पूरी तरह परिचित नहीं हैं।

लघु उद्योग भारती ने चार प्रमुख माँगें उठाई। विलंब से रिटर्न दाखिल करने, रिटर्न जमा नहीं कर पाने एवं अनजाने में हुई त्रुटियों पर एक वर्ष तक दंडात्मक कार्रवाई से राहत तथा 12 माह की संक्रमण अवधि प्रदान की जाए। एमएसएमई के लिए मासिक रिटर्न के स्थान पर त्रैमासिक अथवा जहाँ संभव हो, वार्षिक रिटर्न की व्यवस्था की जाए। लघु उद्योग भारती ने अपने संगठनात्मक नेटवर्क के माध्यम से देशभर के औद्योगिक क्लस्टरों में टीएसआरएस प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा तथा सरकार से तकनीकी सहयोग का अनुरोध किया।

लघु उद्योग भारती ने पहले सहयोग, फिर सख्ती की नीति अपनाकर प्रारंभिक चरण में जागरूकता, तकनीकी मार्गदर्शन एवं स्वैच्छिक अनुपालन को प्राथमिकता देने की मांग उठाई।

कपिल गुप्ता ने कहा कि छोटे उद्योग भारतीय टेक्सटाइल क्षेत्र की रीढ़ हैं। टीएसआरएस की सफलता के लिए इसकी प्रक्रिया सरल, व्यावहारिक एवं स्वस्थ्यद्य के अनुकूल होना आवश्यक है। विभिन्न टेक्सटाइल क्लस्टरों के उद्यमियों की तकनीकी समस्याओं एवं मासिक रिटर्न की जटिलताओं को दूर करने पर जोर दिया। कार्यशाला में वस्त्र आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने संगठन के सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उन पर विचार करने का आश्वासन दिया।

नकली वर्क और घटिया स्टार्च से लिवर-किडनी को नुकसान

त्यौहार की मिठास में न घुल जाए मिलावट का जहर
सिंथेटिक दूध-मावे से फूड पॉइजनिंग का भारी जोखिम

चटक रंगों वाली मिठाइयों से परहेज करना बहुत जरूरी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

दीपोत्सव के स्वागत में घरों में मिठाइयों का आदान-प्रदान और सामूहिक दावतें आम बात हैं। लेकिन त्योहारी सीजन में दूध और मावे की अचानक बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए मिलावटखोरों का सिंडिकेट भी सक्रिय हो जाता है।

मुनाफा कमाने की होड़ में बाजारों में डिटर्जेंट, यूरिया, रिफाइंड पाम ऑयल और सिंथेटिक केमिकल से तैयार नकली मावा और पनीर खपाया जा रहा है। ऐसी मिलावटी और दूषित खाद्य सामग्री त्योहार के उल्लास को बीमारी के साए में बदल रही है, जिससे फूड पॉइजनिंग और पेट के गंभीर संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों के मेडिसिन वार्डों में दीपावली के आसपास एक्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस, पेट में तेज मरोड़, लगातार उल्टी,



खूनी दस्त और डिहाइड्रेशन के मरीजों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं। वरिष्ठ फिजिशियनों का कहना है कि नकली मावे में प्रयुक्त रसायन आंतों की आंतरिक म्यूकोसा परत को बुरी तरह छलनी कर देते हैं। इसके अलावा मिठाइयों को आकर्षक बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले गैर-खाद्य रासायनिक रंग और चांदी के वर्क की जगह लगाया जाने वाला एल्युमिनियम फॉयल सीधे लिवर और किडनी पर विषैला प्रभाव डालते हैं। बासी चाशनी में दोबारा तली गई मिठाइयां और लंबे समय से रखे मावे के पेड़े बैक्टीरिया और फंगल इन्फेक्शन का बड़ा जरिया बन जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग और डॉक्टरों ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे मिठाइयां खरीदते समय सतर्कता बरतें। जरूरत से ज्यादा चमकीली, अत्यधिक चटक रंगों वाली और बाजार भाव से बहुत सस्ती मिलने वाली मिठाइयों से पूरी तरह दूरी बनाएं। मिठाइयों की खुशबू और बनावट की जांच करें; यदि उसमें बासीपन, खट्टापन या रासायनिक गंध आए तो उसका सेवन न करें। चांदी के वर्क को अंगूठे पर रगड़कर देखें, यदि वह काला पड़ जाए या गोली बन जाए तो वह नकली है। हो सके तो इस दीपावली पर मावे की मिठाइयों के स्थान पर सूखे मेवे (काजू, बादाम, अखरोट), ताजे फल या घर पर तैयार किए गए पारंपरिक व्यंजनों को प्राथमिकता दें। उल्टी-दस्त की समस्या होते ही तुरंत ओआरएस का घोल लें और बिना योग्य चिकित्सक की सलाह के केवल एंटीबायोटिक्स लेने से बचें।

WorthyTech SOLUTIONS
DIWALI Offer
GROW ONLINE THIS FESTIVE SEASON
FREE Google Business Profile Setup with any website
Book before 11 November
Websites · E-commerce · Mobile Apps · Digital Marketing
CALL / WHATSAPP +91 99823 76430
www.worthytechsolutions.com
worthytechsolutions@gmail.com
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara – 311001


सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में
डॉ. राहुल नाहर — ENT & Head Neck Surgery, MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist
डॉ. सुश्रुत कालरा — Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon, MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK), Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK), Ex faculty SMS hospital jaipur.
डॉ. अरुण आर्य त्योराण — Medical Gastroenterologist, MBBS, MD (General Medicine), Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थानः- नाहर स्वचायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals · CKSHospitals · www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur

DR. APURVA'S COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं
डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD) (BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ
समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा
डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार
Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज • फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना • इम्प्लान्ट • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता– ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

Rideloo
Safar ho ya ambulance, sab ek app se
भीलवाड़ा की अपनी Ride Booking App
शहर में कहीं जाना हो, ट्रैफिक से परेशान या घर पे गाड़ी नहीं तो
आज अभी BOOK करें!
यात्रियों के लिए: Auto & Cab Booking, Fast Pickup, Safe & Comfortable Ride, Offer Fleet, Local Drivers, Trusted Service
DRIVERS / RIDERS के लिए: कमाई का सुनहरा अवसर, Rideloo Partner App डाउनलोड करें, 0% COMMISSION
AUTO · BIKE · CAB · AMBULANCE
BOOKING, SUPPORT & RIDER REGISTRATION
96943 97383 | 92166 69115

राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

रामायण के प्रीमियर में छाए भीलवाड़ा के बाल कलाकार धनिक्ष दाधीच



भीलवाड़ा। बहुप्रतीक्षित एवं भव्य फिल्म 'रामायण' के मुंबई में आयोजित प्रीमियर शो में उभरते बाल कलाकार धनिक्ष दाधीच ने अपनी विशेष मौजूदगी दर्ज कराई। इस खास मौके पर धनिक्ष ने बॉलीवुड के दिग्गजों से मुलाकात की, वहीं पूरी स्टारकास्ट ने उनके अभिनय कार्य की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

धनिक्ष दाधीच के लिए यह प्रीमियर इसलिए बेहद खास रहा क्योंकि मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने ही उन्हें 'रामायण' में अभिनय का अवसर प्रदान किया है। प्रीमियर के दौरान निर्देशक नितेश तिवारी, निर्माता नमित मल्होत्रा और कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा सहित पूरी टीम ने धनिक्ष के काम को सराहा। आयोजन में रणबीर कपूर और रवि दुबे के अलावा आलिया भट्ट, नीतू कपूर, विवेक ओबेरॉय, कुणाल कपूर, रकुल प्रीत सिंह, जैकी भगनानी, इंदिरा कृष्णन, मशहूर सिंगर बादशाह और कोरियोग्राफर शामक डावर व मर्सी पेस्टन मौजूद रहे । धनिक्ष ने फिल्म में रणबीर कपूर द्वारा निभाए गए भगवान श्रीराम और रवि दुबे द्वारा निभाए गए लक्ष्मण के किरदार की भावनात्मक गहराई व अभिनय की जमकर तारीफ की। धनिक्ष दाधीच ने दर्शकों से अपील करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और गौरवशाली इतिहास पर बनी इस भव्य फिल्म को अपने परिवार के साथ सिनेमाघरों में जाकर जरूर देखें और पूरी टीम को अपना प्यार व आशीर्वाद दें। इस यादगार पल के दौरान धनिक्ष के साथ उनके पिता अनंत दाधीच, माता चेतना व्यास और बहन चिरस्वी दाधीच भी मौजूद रहीं।

न्यूज इन बाक्स

यूनेस्को दीपावली सजावट प्रतियोगिता के लिए निर्णायक कमेटी गठित

भीलवाड़ा । दीपावली पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन एवं जवाहर फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक सजावट को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आयोजित 'दीपावली सजावट प्रतियोगिता-2026' के आयोजन के लिए सात सदस्यों की निर्णायक कमेटी का गठन किया गया है। स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि यूनेस्को एसोसिएशन पिछले 40 वर्षों से दीपावली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन करती आ रही है। निर्णायक कमेटी का जिला यूनेस्को एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन की अध्यक्षता में गठन किया गया। कमेटी में यूनेस्को के पूर्व अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, प्रवक्ता मधु लोढ़ा, कोषाध्यक्ष विशाल विजयवर्गीय, सह कोषाध्यक्ष हरनारायण माली, संगठन मंत्री कमलेश जाजू, साधना मेलाना को शामिल किया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि कमेटी 7 से 9 नवम्बर तक बाजार में घूमकर विभिन्न बाजारों का निरक्षण करेगी। सामूहिक सजावट, सर्कल सजावट व व्यक्तिगत सजावट के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थानों का चयन करेगी।

रायपुर सरपंच व उप सरपंच ने संभाला कार्यभार, ग्रामसभा आयोजित



रायपुर । रायपुर ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच सीता लेहरु लाल कुमावत, उप सरपंच शांतिलाल प्रजापत सहित सभी वार्ड पंचों ने पंडित गोपाल लाल त्रिवेदी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पदभार किया। इससे पूर्व रायपुर कस्बे में ग्रामीणों द्वारा जन प्रतिनिधियों का जगह जगह स्वागत किया गया। पंचायत में विधायक लादू लाल पितलिया ने सरपंच सीता लेहरु लाल कुमावत को पदभार ग्रहण कराया। इसके पश्चात रायपुर छात्रावास में ग्राम सभा हुई। विधायक पीतलिया समाजसेवी ओमप्रकाश झंवर, चतरसिंह सोलंकी, राधेश्याम काबरा, लेहरु लाल कुमावत, शांतिलाल प्रजापत सहित अन्य वरिष्ठ जनों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में वार्ड पंच मुकेश खटीक, नारायण लाल कुमावत, काली देवी कुमावत, अलका बोलिया, काजू त्रिवेदी, पूजा देवी, गोविंद माली, लीला देवी माली, प्रेम देवी, जमुना देवी, मदनलाल प्रजापति, कैलाश चंद्र सेन, गणेश माली, मनसा जाट सहित ग्रामवासीमौजूद थे।

अ.भा.मारवाड़ी महिला समिति ने कच्ची बस्ती में बांटी दीपावली की खुशियां



भीलवाड़ा । दीपावली की खुशियां तभी सार्थक होती हैं, जब उनकी रोशनी दूसरों के जीवन तक भी पहुंचे। इसी सेवा और संवेदना के भाव को साकार करते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी भीलवाड़ा महिला समिति ने कच्ची बस्ती में जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के साथ दीपावली मनाकर खुशियों की सौगात बांटी। समिति की ओर से बच्चों को दीपक, तेल, फूलझड़ियां, पटाखे एवं बिस्किट वितरित किए गए। बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस सेवा कार्य में समिति अध्यक्ष मधु लढ़ा, सचिव अनुपमा मंत्री, सह सचिव निर्मला बाहेती एवं सह पर्यावरण प्रमुख चेतना बसेर का विशेष योगदान रहा। कार्यालय संगिनी मधु हिंगड़, भावना बांगड़ सहित समिति की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए जिला स्तरीय हेल्प डेस्क का गठन

भीलवाड़ा । निर्वाचन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं, विशेष रूप से प्रवासी, कमजोर एवं हाशिए पर रहने वाले वर्गों के पंजीकरण में सुविधा हेतु जिला स्तर पर हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के आदेशानुसार यह हेल्प डेस्क जिला कलेक्टर कार्यालय के प्रथम तल पर कमरा नं. 125 में स्थापित की गई है।

हेल्प डेस्क के प्रभारी अधिकारी तहसीलदार निर्वाचन कंवर प्रसाद दाधीच (94130-85485) तथा प्रभारी कर्मचारी प्रशासनिक अधिकारी रमेश चन्द्र जीनगर (94603-50624) होंगे। सहयोगी कार्मिक के रूप में सहायक प्रोग्रामर सुमित्रा चौहान (89551-76208) एवं कनिष्ठ सहायक किरण लाम्बा (85049-32560) कार्यरत रहेंगे। यह हेल्प डेस्क प्रारूप प्रकाशन दिनांक 12.11.2026 से संचालित होगी, जिसका दूरभाष नम्बर 01482-220093 एवं टोल फ्री नम्बर 1950 है।

सिंधी सेंट्रल पंचायत का दीपावली स्नेह मिलन समारोह 9 नवंबर को

वरिष्ठों का होगा सम्मान, सिंधु भवन निर्माण पर भी होगी चर्चा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

सिंधी सेंट्रल पंचायत के तत्वावधान में 9 नवंबर को शाम 5 से 7 बजे तक सिंधुनगर स्थित संत कंवरराम धर्मशाला में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा।

सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष लीलाराम सबनानी ने बताया कि दीपावली स्नेह मिलन समारोह समाज के सभी लोगों को एक मंच पर लाने और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने का अवसर है। मीडिया प्रभारी भगवान मेठानी ने बताया कि समारोह के दौरान ज्योति नगर स्थित सिंधु भवन के निर्माण एवं विकास कार्य को शीघ्र गति देने के विषय पर भी विशेष चर्चा की जाएगी। भवन के निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों के पूर्वजों के नाम सिंधु भवन के नाम के साथ स्थापित करने की पहल को भी प्रमुखता से समाज के समक्ष रखा जाएगा।

पंचायत का उद्देश्य समाज के सहयोग से सिंधु भवन का निर्माण जल्द से जल्द पूरा कर उसे समाजजनों के लिए सुचारू रूप से शुरू करना है, ताकि समाज के लोगों को विवाह, धार्मिक आयोजनों, सामाजिक समारोहों एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। पंचायत को उम्मीद है कि इस पहल से समाज के अधिकाधिक भामाशाह निर्माण कार्य में सहभागी बनेंगे और सिंधु भवन समाज की एक महत्वपूर्ण धरोहर के रूप में विकसित होगा।

7 को मनाएंगे रूप चर्तुदशी, महिलाएं निखारेखी रूप, 8 को दीपावली पर होगा माता लक्ष्मी का पूजन

धनतेरस कल, बाजारों में बरसेगा धन होगी पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

वस्त्रनगरी में पांच दिवसीय दीपदानोत्सव की शुरुआत के साथ ही धन और समृद्धि का महापर्व परवान पर चढ़ने लगा है।

शहर का हर कोना रोशनी से जगमगा रहा है और बाजारों में ऐसी रौनक छाई है कि धनवर्षा के पूरे आसार दिखाई दे रहे हैं। घरों में रंग-रोगन व साफ-सफाई का कार्य अंतिम दौर में है, वहीं सर्राफा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और ऑटोमोबाइल शोरूम्स दुल्हन की तरह सज चुके हैं। व्यापारियों का अनुमान है कि इस बार त्योहारी सीजन में भीलवाड़ा के बाजारों में धन की झमाझम बारिश होगी और करोड़ों रुपये का रिकॉर्ड कारोबार बनेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार धनतेरस से लेकर अन्नकूट तक इस बार ऐसे दुर्लभ योग बन रहे हैं, जिनमें की गई खरीदारी और पूजा-अर्चना से घर-परिवार में धन-धान्य की कभी कमी नहीं रहेगी। 6 नवंबर शुक्रवार को धनतेरस पर धन्वंतरि जयंती व लक्ष्मी-कुबेर पूजन होगा। कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी पर धातु, सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन व वाहनों की खरीदारी से घर में लक्ष्मी का स्थायी वास होता है।



धनतेरस से लेकर दीपावली तक के शुभ मुर्हूत

6 नवंबर को धनतेरस पर चर-लाभ-अमृत का चौघड़िया (प्रातः) 06.40 से 10. 45 बजे तक, शुभ का चौघड़िया (दोपहर) 12. 05 से 01.30 बजे तक, प्रदोष काल व वृषभ लग्न (शाम) 05. 45 से 07. 40 तक कुबेर व लक्ष्मी पूजन हेतु सर्वश्रेष्ठ रहेगा। 7 नवंबर (शनिवार) रूप चतुर्दशी नरक निवारण व सौंदर्य सिद्धि रूप निखारने और यमराज के नाम दीपदान करने का विशेष दिन। इस दिन अभ्यंग स्नान और यम दीपदान से आरोग्य और समृद्धि प्राप्त होती है। इस दिन अभ्यंग स्नान (प्रातः) 05.15 से 06. 35 बजे तक ।

यम दीपदान (संध्याकाल) 05. 40 से 07.15 बजे तक। . 8 नवंबर (रविवार) दीपावली महालक्ष्मी पूजन

रोशनी और वैभव का मुख्य पर्व दीपावली रविवार को मनाया जाएगा। स्थिर लग्न (वृषभ व सिंह) में महालक्ष्मी, गणेश जी और कुबेर देव का पूजन करने से वर्षभर तिजोरी भरी रहती है। महालक्ष्मी पूजन के सर्वोत्तम मुहूर्त - प्रदोष काल व वृषभ लग्न (गृहस्थों के लिए सर्वोत्तम) 05. 42 से 07.38 बजे तक। चौघड़िया मुहूर्त (संध्या पूजन): 05.42 से 08. 58 बजे तक (शुभ व अमृत) महानिशीथ काल व सिंह लग्न (व्यापारियों व तंत्र साधना हेतु 12.10 से 02.25 8-9 नवंबर मध्यरात्रि का समय रहेगा। 10 नवंबर (मंगलवार) अन्नकूट महोत्सव व गोवर्धन पूजा के तहत भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित करने और गोवर्धन पूजा का पावन पर्व मंगलवार को भीलवाड़ा के विभिन्न मंदिरों में धूमधाम से मनाया जाएगा। शुभ मुहूर्त प्रातःकाल मुहूर्तः 06.45 से 09.10 बजे तक। सायंकाल अन्नकूट झांकी व प्रसाद वितरण 03.30 से 06.30 बजे तक रहेगा।

वीर हनुमान और बद्रीनारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव

शहर में 10 नवंबर, मंगलवार को वीर हनुमान मंदिर और प्राचीन बद्रीनारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। वीर सावरकर चौक स्थित वीर हनुमान मंदिर में ट्रस्ट अध्यक्ष महेंद्र पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महोत्सव की रूपरेखा तय की गई। कोषाध्यक्ष दिनेश जागेतिया को प्रसाद निर्माण व वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्य म के तहत शाम 6:00 बजे महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को अन्नकूट प्रसाद वितरित किया जाएगा। बैठक में राजेंद्र विजयवर्गीय, नटवर विजयवर्गीय और जगदीश तोषनीवाल सहित अन्य ट्रस्टी उपस्थित रहे। वहीं, पुराना शहर धानमंडी स्थित प्राचीन बद्रीनारायण मंदिर में संध्या वेला में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष ओम प्रकाश भदादा के अनुसार, आरती के बाद भगवान को मिक्स हरी सब्जियों और दाना-नुक्ती का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद बांटा जाएगा। कार्य म के दौरान भगवती भजन मंडल द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे। समस्त धार्मिक अनुष्ठान पुजारी गोविंद चौबे की देखरेख में संपन्न होंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा का 101 किलो की माला पहना अभिनंदन

अयोध्या से लाई रामदरबार की चांदी की चरणपादुका भेंट

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अपना 45 वां जन्मदिन सादगीपूर्ण तरीके से अपने निवास पर मनाया। भाजपा के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत-अभिनंदन किया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दूरभाष पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मेवाड़ा को 101 किलो की विशाल पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान अयोध्या से लाई गई चांदी से निर्मित राम दरबार की चरण पादुका भी उन्हें भेंट की गई। मेवाड़ा ने इसे श्रद्धाभाव से माथे पर धारण किया।



जीतो को कस्बों तक पहुंचाएंगे, भीलवाड़ा में एक्सपो कराने के प्रयास

जीतो भीलवाड़ा चैप्टर की नई टीम ने बताई प्राथमिकताएं

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

समाज की शैक्षिक प्रगति, नवाचार प्रोत्साहन एवं आर्थिक स्वावलम्बन के लक्ष्य को लेकर कार्यरत जीतो भीलवाड़ा चैप्टर अपने संगठन को छोटे शहरों एवं कस्बों तक पहुंचाएगा। इसके पीछे मंशा संगठन की योजनाओं का लाभ समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति को मिल सके। जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के अध्यक्ष डॉ.संपत जैन ने चौधरी-डांगी जीतो हाउस में पत्रकारों से मुलाकात में आगामी दो वर्ष के कार्यकाल में संगठन की प्राथमिकताओं की जानकारी दी। डॉ. जैन ने कहा कि जीतो अपेक्स द्वारा समाज एवं आमजन के लाभार्थ विभिन्न तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। इनमें शैक्षिक मार्गदर्शन, एजुकेशन लोन, स्टॉटअप प्रोत्साहन, श्रमण आरोग्यम, मेट्रोमोनियल सहित विभिन्न तरह की योजनाएं चल रही है। इनका क्रियान्वयन जीतो चैप्टर, लेडिज विंग एवं यूथ विंग के साथ मिलकर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा में जीतो एक्सपो का आयोजन हो, इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। इस एक्सपो के माध्यम से बिजनेस प्रमोशन का विशाल प्लेटफार्म प्राप्त होता है।



जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के चीफ सैकेट्री अकिन चौधरी ने बताया कि चैप्टर में करीब 450 सदस्य है। इनके साथ लेडिज विंग एवं यूथ विंग के सदस्यों को जोड़ करीब 1800 सदस्य जीतो भीलवाड़ा परिवार से जुड़े हुए हैं। जीतो लेडिज विंग में अध्यक्ष नेहा नाहर एवं चीफ सैकेट्री निकिता जैन के नेतृत्व में टीम कार्य कर रही है। जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के वाइस चेयरमैन निशान्त जैन ने बताया कि जीतो के माध्यम से प्रोफेशनल एजुकेशन प्राप्त कर रहे समाज के बच्चों को शैक्षिक ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में भीलवाड़ा में 13 बच्चों को दस लाख या उससे अधिक राशि का शैक्षिक ऋण दिया गया। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

जीतो यूथ विंग के अध्यक्ष प्रतीक बुलिया ने बताया कि यूथ विंग द्वारा जीतो भीलवाड़ा के सभी सदस्यों में आपसी जुड़ाव एवं परिचय बढ़ाने के लक्ष्य से शीघ्र ही एक डायरेक्टरी का प्रकाशन किया जाएगा। इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। आभार जीतो यूथ विंग के चीफ सैकेट्री अभि जैन ने व्यक्त किया।

जहां गाय वहां राम, स्वदेशी अपनाएं: अशोक कोठारी

विधायक कोठारी की अध्यक्षता में नागरिकों को बांटे लक्ष्मी पूजन पाठ

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राष्ट्रीय गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत इस दीपावली पर 'एक दीपक गौ माता के नाम' अभियान के माध्यम से अभियान के जिला समन्वयक एवं भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की अध्यक्षता में नगर निगम महापौर जसवंत कंवर एवं उपमहापौर राधेश्याम सोमानी के विशिष्ट आतिथ्य में नागरिकों को लक्ष्मी पूजन पाठा वितरित किए गए। विधायक कोठारी ने कहा कि जहां गाय है वहां राम हैं । गौ माता की सेवा एवं पूजा से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं । इस दीपावली पर एक दीपक गौ माता के नाम प्रज्वलित करें। गौमय गोवर्धन बनाकर पारंपरिक विधि-विधान से गोवर्धन पूजा करें। कोठारी ने कहा कि गौ माता की रक्षा, सुरक्षा एवं सम्मान हम सभी का सामूहिक दायित्व है । उन्होंने दीपावली पर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ 'लोकल फॉर वोकल' को अपनाने तथा स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देकर स्थानीय उत्पादों एवं कारीगरों को प्रोत्साहित करने की अपील भी की। इस मौके पर राजस्थान गौशाला समिति अध्यक्ष गोपाल बांगड़ विभिन्न क्षेत्रों में जिला समन्वयक सुनील जागेटिया, संभाग प्रभारी नंदकिशोर साहू, जिला प्रभारी जगदीश तेली, जिला संत लाल जी महाराज के निर्देशन में लक्ष्मी पूजन पाठा का वितरण किया जा रहा है।

अभियान के तहत पंचमुखी दरबार में परम पूज्य महंत लक्ष्मण दास त्यागी के सानिध्य में दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं को लक्ष्मी पूजन पाठा वितरित किए गए। सिम्स हॉस्पिटल में डॉ. कीर्ति, डॉ. हरीश मारू, डॉ. सुरेश भदादा, डॉ. डी एल कास्ट, संचालक कमलकांत के साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित जन समुदाय को लक्ष्मी पूजन पाठे वितरित किए ।



पंचमढ़ी एडवेंचर कैंप में स्काउट्स का परचम, गोल्ड मेडल जीता

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र मार्ग के 13 स्काउट्स ने नेशनल एडवेंचर शिविर पंचमढ़ी (मध्य प्रदेश) में भाग लेकर गोल्ड मेडल जीतकर एक बार फिर विजय पताका लहराई।

31 अक्टूबर से 4 नवंबर के बीच आयोजित इस शिविर में भीलवाड़ा के 13 स्काउट्स ने सहभागिता की। सभी स्काउट्स ने साहसिक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले स्काउट्स में रोहित शाह, दिव्यांश सुथार, लव कुमार मांडीवाल, बलवीर सिंह, अनंत दुबे, जयदीप, साकेत पुरी, राजेश माली, गुरुवर्धन सिंह, देव शर्मा, उदित कोली, खुशपाल सिंह हाड़ा, धवल जीनगर आरव धाकड़ शामिल हैं।



शिविर में जिपलाइन, रॉक क्लाइंबिंग, स्काई साइक्लिंग, शिविर ज्वाल सहित कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शिविर ज्वाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम और अद्भुत करतबों में भीलवाड़ा की टीम नंबर वन रही। उन्होंने ग्वालियर, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश की टीमों को पीछे छोड़कर गोल्ड मेडल और फोटो फ्रेम अपने नाम किया। 200 स्काउट छात्रों में से भीलवाड़ा के 13 स्काउट्स ने अपने हुनर का बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्काउट मास्टर पवन बावरी के नेतृत्व में छात्रों ने सभी गतिविधियों में निर्देशों के अनुसार सहभागिता की। पंचमढ़ी शिविर में विद्यालय को दूसरी बार मेडल मिला है, जिससे विद्यालय परिवार में उत्साह है। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहलोत ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, बस से 500 किलो मावा जब्त

भीलवाड़ा। दीपावली के त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जिलेभर में सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भदाली चौराहे पर बीकानेर से भीलवाड़ा आ रही एक ट्रैवल्स बस से करीब 500 किलोग्राम मावा जब्त किया। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जब्त मावे पर अपना दावा प्रस्तुत करने अथवा उसे लेने के लिए कोई भी व्यक्ति मौके पर नहीं पहुंचा। इस पर विभागीय टीम ने मावे को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की। त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की टीमें लगातार निगरानी रख रही हैं तथा मिलावट की आशंका वाली खाद्य सामग्री पर विशेष नजर रखी जा रही है। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि जिले में कहीं भी खाद्य पदार्थों में मिलावट, अवधिपार सामग्री के वि य अथवा संदिग्ध खाद्य सामग्री के भंडारण एवं बिक्री की जानकारी मिलने पर जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01482-232643 पर सूचना दें।



ट्रैक्टर फाइनेंस के नाम पर ग्रामीण से ठगी, बिना गाड़ी दिए हड़पे 5.62 लाख रुपये

भीलवाड़ा। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर फाइनेंस के नाम पर एक ग्रामीण के साथ धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित भागचंद सैन ने अदालत के इस्तगासे के जरिए मांडल थाने में मामला दर्ज कराया है कि जम्बेश्वर एग्रीटेक के संचालकों ने फाइनेंस कंपनी की मिलीभगत से उसके नाम पर फर्जी लोन उठाकर लाखों की रकम और ट्रैक्टर हड़प लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, करीब एक साल पहले वह अजमेर रोड स्थित जम्बेश्वर एग्रीटेक गया था, जहां उसने ट्रैक्टर खरीदने के लिए टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज लिमिटेड में लोन का आवेदन किया था। लोन स्वीकृत नहीं होने की बात कहकर कागजात रख लिए गए। डे? माह पूर्व जब फाइनेंस कंपनी से किस्त जमा कराने का फोन आया, तब पीड़ित को अपने नाम पर 5,62,544 रुपये का लोन उठने की जानकारी मिली। जांच में सामने आया कि जिस ट्रैक्टर का लोन उठाया गया, वह परिवहन विभाग में किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत है और अभियुक्तों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज कर सहायक उप-निरीक्षक शरीफ मोहम्मद को जांच सौंप दी है।

तुलसी शालिग्रामजी विवाह महोत्सव के लिए चारभुजानाथ को आमंत्रण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

धर्मनगरी भीलवाड़ा में 20 नवंबर को आजादनगर मेडिसिटी ग्राउंड पर 16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महामहोत्सव होगा। इसकी मंगल लग्न पत्रिका का लेखन कर राजाधिराज मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजानाथ के साथ भीलवाड़ा के विभिन्न मंदिरों में स्थापित भगवान चारभुजानाथ से बारात लेकर पधारने की विनती की गई।

मंगल लग्न पत्रिका का लेखन महोत्सव के सूत्रधार श्रीविष्णु कृष्ण तनय महाराज के सानिध्य में किया गया।

महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाए। मंगल लग्न पत्रिका लिखने के साथ ही बारात लेकर आने की विनती के साथ पत्रिका भगवान चारभुजानाथ के मंदिरों में यजमान परिवारों एवं समिति सदस्यों द्वारा समर्पित की जा रही है। मंगल लग्न पत्रिका लेकर श्री गढ़बोर चारभुजानाथ को बारात लेकर पधारने आमंत्रित करने के लिए यजमान राधेश्याम रितेश चेचाणी परिवार के साथ मुख्य समिति सहित 21 वाहनों में श्रद्धालु जाएंगे। लग्न पत्रिका लेखन के साथ भीलवाड़ा के बड़े चारभुजाजी (बड़ा मंदिर) मंदिर में यजमान रामप्रकाश मनीष बहेड़िया परिवार, दूदाधारी गोपाल मंदिर में यजमान घनश्याम, मुकेश राकेश सेठिया परिवार, संजय कॉलोनी चारजुभा मंदिर में यजमान सत्यनारायणा दिनेश ईनाणी परिवार, शेषसहाय चारभुजा मंदिर मांडल में यजमान कैलाश तोतला परिवार ने श्रद्धालुओं के साथ समर्पित कर बारात लेकर पधारने का भावपूर्ण आमंत्रण दिया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, राजेंद्र कचोलिया, एस एन गग्गड़, दिनेश विजयवर्गीय, कैलाश काबरा, हेमेंद्र शर्मा, श्यामसुंदर नोलखा, आचार्य योगेंद्र शर्मा, रजनीकांत आचार्य, छगन लाल जैन, हनुमान अग्रवाल, गोपीकिशन पाटोदिया, जी एल गुप्ता, कमलेश सोडानी, सीए बीबी गुप्ता, रामपाल असावा, अलका जोशी, कोशल्या भाटिया, प्रियंका काबरा, नंदकिशोर जोशी, रमेश त्रिवेदी, प्रेमप्रकाश शर्मा, राधेश्याम चेचाणी, जगदीश वैष्णव, दुर्गालाल जोशी, गोविंद भाटिया, संजय प्रताप पारीक, सुरेश जोशी, केशव पुरोहित, अनिल टेलर, श्याम झंवर, अनिल पारीक, गायत्री टेलर, मंजू तंबोली, पुरुषोत्तम काकानी, हेमराज टेलर, मंजू पोखरना, राजेन्द्र गंदोडिया, राकेश दरक, देवीलाल तोषनीवाल, कैलाश राठी, जगदीशचन्द्र हेड़ा, सत्यनारायण मूंदड़ा आदि श्रद्धालु उपस्थित थे। संचालन कार्यालय प्रभारी रजनीकांत आचार्य ने किया।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

कोई कितनी ही तकलीफ में क्यों न हो, हो सकता है दूसरे उनसे भी ज्यादा परेशान और जरूरतमंद हो। उनका भी ध्यान रखना जरूरी है।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक लोकजीवन

प्रदर्शन एक नहीं सबका अधिकार ...

लोकतंत्र में विरोध प्रदशन तथा अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करना सबका अधिकार है । जब सरकार आसानी से मांगों पर गौर नहीं करती या कि आवाज नहीं सुनती तब किसी भी संगइन या व्यक्ति को सड़क पर उतरने को मजबूर होना पड़ता है। सड़क पर उतरने से आशय आम जनता के बीच पहुंच कर अपनी बात रखना और उसके लिए जनता का समर्थन प्राप्त करना। यदि कोई अपनी बात सार्वजनिक रूप से नहीं कहेगा तो कैसे लोगों को पता चलेगा कि ये किस मुद्दे पर नाराज है या इनकी कौनसी मांगे है जिनके लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे है। फिर चाहे मजबूर वर्ग हो या व्यापार संगठन छात्र संगठन हो या राजनीतिक दल सभी को अपनी मांगों की पूत्रि की अपेक्षा रहती है । मांग बन गई तो यह उम्मीद भी जगती है कि उसका समुचित जवाब मिले या मांग मंजूर की जाय। विपक्ष के पास तो हथियार ही विरोध करने का है। क्योंकि सदन में तो बहुमत में सरकार होती है इसलिए बहुमत की ताकत से अल्पमत को दबा दिया जाता है। पराजित कर दिया जाता है और सत्ता धारी दल जीत का जश्न मनाने लगता है जबकि विपक्ष पराजित होकर भी चैन से नहीं बैठता। सदन की बजाय सड़क पर बात करने को प्राथमिकता देता है। देश में जेन जी पर एकाएक सभी का ध्यान आकर्षित हुआ है क्योंकि युवा किशोर वर्ग के समूह को कोई भी सरकार अनदेखा नहीं कर सकती। सीजेपी के उदय के साथ ही विपक्ष को भी मानो जीवनदान मिल गया। सीजेपी को समर्थन करते हुए विपक्षी इंडिया ब्लॉक भी सड़कों पर उतर कर जनता के बीच पहुंच रहा है।

तो क्या विरोध प्रदर्शन करने का किसी एक संगइन को ही अधिकार है क्या कोई संगठन अनिश्चितकाल तक किसी स्थान पर धरना दे सकता है । सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोई भी संगठन प्रदर्शन के लिए किसी भी सार्वजनिक जगह पर अनिश्चित काल तक कब्जा नहीं कर सकता। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों पर भी एक तय सीमाए होनी चाहिए ताकि दूसरे संगठन को भी अपनी बात रखने का मौका मिल सके। सुनवाई के दौरान सीजेई सूर्यकांत ने कहा कि आप हमेशा के लिए किसी एक जगह पर कब्जा नहीं कर सकते। किसान, पत्रकार, मजदूर और दूसरे प्रदर्शनकारी कहां जायेंगे। सभी को प्रदर्शन का अधिकार है। त्यौहारी सीजन में दुकानें बंद रही दिल्ली में कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ। दुकानें बंद रही और कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ। अनुमानतः 2000 करोड का नुकसान उठाना पड़ा। सॉलिटर जनरल तुषार मेहता ने दिल्ली पुलिस की ओर से कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए सिर्फ एक दिन की अनुमति दी गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी 17 दिन तक वहां बैठे रहे। प्रदर्शनकारियों ने बिना अनुमति संसद की ओर से मार्च भी किया। अब यह आप जानो कि कुछ संगठन अनुमति मिलते ही उसे हमेशा के लिए अपना अधिकार मान बैठते है। उन्हें आम जनता व व्यापार संगठनों की कोई चिंता नहीं रहती।

कड़वी घूंट -सूरज

दिवाली पर नकली माल ...

व्यापारी हो कोई अन्य जो सामान्य काल में अपने उत्पादों की प्रमाणिकता पर अधिक ध्यान देता है और इसकी वजह से ग्राहकों व जनता भी उन पर पूरा भरोसा करती है। लेकिन अचानक अधिक सामग्री आपूर्ति का आर्डर मिल जाये तो वह समय पर सप्लाई करने के लिए मिलावट अथवा क्वालिटी गिरा देता है मानो थोक में खरीदने का मतलब हल्का माल लेना हो।

विपरित इसके प्रशासन स्तर पर समय-समय पर उत्पादों की क्वालिटी की जांच होती रहती है ताकि लोगों तक नकली माल पहुंचने से रोका जा सके और ऐसे माल को नष्ट किया जाता है ताकि कोर्ठ उपयोग न कर ले। त्यौहारी सीजन विशेषकर दीपा8ली पर सभी प्रकार के उत्पादों की मांग बढ़ जाती है तो मिलावट व हल्की क्वालिटी को खपाने का मौका बन जाता है।

हां दिवाली बड़ा महापर्व है। जिस कारण मांग बढ़ जाती है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने जयपुर में हिमालय डेयरी प्रोडक्ट की फैक्ट्री पर छापा मार कर 35 हजार लीटर संदिग्ध घी पकड़ा। जहां 7 ब्रांडों के नाम से घी की पैकिंग हो रही थी। और संदिग्ध फ्लेवर भी मिला। जिसका इस्तेमाल कृत्रिम सुगंध के लिए किया जाता है ताकि घी जैसी खुशबू आती है। इस नकली घी की दिवाली पर सप्लाई होनी थी। क्योंकि तेजी के दौर में कोई जांच भी नहीं करता और जल्दबाजी में सब खप जाता है अब यह आप जानो कि दीपावली पर्व नकली माल खपाने का भी मौका बन गया कि सब चल जाएगा।

वात्सल्य स्कूल में धूमधाम से मनाया दीपावली महोत्सव

लोकजीवन न्यूज़ सर्विस, बिजयनगर

शर्मा कालोनी स्थित वात्सल्य स्कूल उच्च प्राथमिक विद्यालय में दीपावली महोत्सव डांडिया प्रतियोगिता, गरबा नृत्य, रंगोली, दीप सजावट व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया। वात्सल्य स्कूल परिसर में आयोजित छात्र छात्राओं ने भगवान के विविध रुप धरकर सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित डांडिया प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के विद्यार्थी पारंपरिक गरबा एवं डांडिया



परिधानों में सज-धज कर मनमोहक गरबा नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में गरबा क्वीन एवं बेस्ट कॉस्ट्यूम के लिए प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।दीपावली महोत्सव के अवसर पर विद्यालय के समस्त विधालय शिक्षिको द्वारा पारंपरिक विधि-विधान से माँ लक्ष्मी, भगवान श्री गणेश एवं माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय परिसर को दीपकों एवं रंग-बिरंगी सजावट से आकर्षक रूप दिया गया। इस अवसर पर दीपक सजाओ एवं रंगोली बनाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, भगवान शिव, हनुमान जी एवं विभिन्न देवी-देवताओं के मनमोहक रूपों में सजकर आए। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा एवं प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।इस आयोजन ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं त्योहारों के महत्व से परिचित कराया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक विजय अरोड़ा, नीलम व्यास, मीना शर्मा, दीप्ति शर्मा, सरोज टेलर, विमला शर्मा, पूजा शर्मा, रूपाली सेन, अनामिका अरोड़ा, योगिता शर्मा, सुमन शर्मा, भारती लोहार, कविता सेन सहित अन्य छात्र छात्राएं भी उपस्थित थे।



दीपक की आकृति में मानव श्रंखला बनाकर दी दीवाली की शुभकामनाएं

गुलाबपुरा। हैप्पी आवर्स स्कूल में दीपावली पर्व विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया।दीपक के आकार की मानव श्रृंखला बनाकर दीपावली की अपनी ओर से सुंदर शुभकामनाएं सभी को दी बच्चों द्वारा दीपावली कार्ड , दीपक डेकोरेशन , थाली सजावट, रंगोली आदि गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया डायरेक्टर दिनेश छतवानी, जया छतवानी एवं अध्यापिका परवीन बानो के मार्गदर्शन में बच्चों ने मैदान पर दीपदान करके दीपावली मनाई ।

इन्टेक ने आयोजित की पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण पर क्विज प्रतियोगिता

15 विजेताओं को प्रदान किए प्रशंसा-पत्र

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

विद्यार्थियों में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रकृति, पर्यटन एवं विरासत के महत्व से रूबरू कराने के उद्देश्य से भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टेक चैप्टर की ओर से स्मृति वन परिसर में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्मृति वन के शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे महेश पब्लिक स्कूल के 248 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इंटेक कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को स्मृति वन परिसर में लगे सैकड़ों प्रजाति के पौधों, उनकी विशेषताओं, उपयोगिता एवं पर्यावरण संतुलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को समझाया गया कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने का माध्यम ही नहीं, बल्कि जीव-जंतुओं और मानव जीवन के अस्तित्व का भी



आधार हैं। क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों के पर्यावरण संबंधी ज्ञान को परखा गया तथा उन्हें रोचक सवालों के जरिए प्रकृति संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रतियोगिता में 15 विजेता छात्र-छात्राओं को इन्टेक जाजू ने प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय निदेशक दिनेश शारदा, प्रिंसिपल निधि झा एवं यशोदा मंडोवरा ने भी संबोधित किया।

मांडल के सांवरियाजी मंदिर में चोरी हुए आभूषण लौटाये

भीलवाड़ा । कस्बे के प्रसिद्ध सांवरियाजी मंदिर में हुई चोरी की एक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी के साथ-साथ अब गहरी आस्तिकता का माहौल बना दिया है। दो दिन पहले मंदिर से लगभग दो लाख रुपये कीमत के चांदी के मुकुट और अन्य कीमती आभूषण चोरी हो गए थे, जिससे श्रद्धालुओं में भारी आ ोश और चिंता थी। लेकिन अब जो हुआ, उसने सभी को हैरान कर दिया है। अज्ञात चोर ने चुराए गए सभी आभूषण मंदिर परिसर में ससम्मान वापस रख दिए। हैरानी की बात यह रही कि आभूषणों के साथ 201 रुपये की नकद भेंट भी रखी गई थी। दो दिन पूर्व हुई इस दुस्साहसिक चोरी की वारदात के बाद से ही क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं में गहरा रोष था। लोग लगातार पुलिस प्रशासन से चोरों को जल्द पकड़ने और आभूषणों की बरामदगी की मांग कर रहे थे। मंदिर जैसी पवित्र जगह पर हुई इस घटना से स्थानीय लोगों की भावनाएं आहत थीं। जब सुबह मंदिर के पट खुले और आभूषण अपनी जगह सुरक्षित, साथ ही 201 रुपये की भेंट के साथ रखे मिले, तो हर कोई अश्क-बेशक रह गया। इस अनोखे घटना म की खबर आग की तरह पूरे कस्बे में फैल गई। क्षेत्रवासी इस पूरी घटना को भगवान सांवरियाजी की असीम कृपा और किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं। लोगों का मानना है कि भगवान की प्रेरणा से ही चोर की अंतरात्मा जागी होगी और उसने डर या प्रायश्चित के भाव के चलते सामान वापस लौटा दिया। फिलहाल, यह अनूठी घटना पूरे क्षेत्र में कौतूहल और चर्चा का मुख्य विषय बनी हुई है।

सुल्तान खान ने मर्चेंट नेवी में मारी बाजी, बने थर्ड ऑफिसर; केपटाउन के लिए भरी पहली उड़ान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

कस्बे के एक साधारण परिवार के होनहार युवा सुल्तान खान पुत्र शब्बीर हुसैन खान ने मर्चेंट नेवी में थर्ड ऑफिसर बनकर देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों को मात देते हुए उन्होंने चेन्नई से मैरीटाइम पायलट के रूप में आधिकारिक ड्यूटी ज्वाइन कर ली है। पदभार ग्रहण करने के बाद



वे चेन्नई पोर्ट से दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन के लिए अपनी पहली समुद्री यात्रा पर रवाना हो चुके हैं। सुल्तान खान का यह सफर प्रेरणादायक रहा है। शाहपुरा के फुलिया गेट पर ई-मित्र संचालक पिता शब्बीर हुसैन और अजमेर में महिलाओं के वस्त्रों का छोटा व्यवसाय कर बच्चों की शिक्षा संभालने वाली माता ताहिरा बानू के संघर्ष ने इस सफलता की इबारत लिखी। उनके छोटे भाई मोहम्मद रजा खान भी जूनियर बास्केटबॉल में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ा चुके हैं। साधारण पृष्ठभूमि के बावजूद सुल्तान ने ख्वाजा मॉडल स्कूल, अजमेर से पीसीएम वर्ग में 95% अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया था। जेईई की तैयारी के दौरान उन्होंने मर्चेंट नेवी को चुना और वर्ष 2020 की इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कठिन 18 महीने की कैडेटशिप के दौरान बेस्ट कैडेट रहे सुल्तान ने जग ललित और जग अमीषा जहाजों पर सेवा देते हुए यूएई, अमेरिका, इटली, ब्राजील और सिंगापुर समेत दुनिया के दर्जनों देशों की समुद्री यात्राएं की हैं।

अन्नकूट महोत्सव एवं कीर्तन 9 को

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बनेड़ा

कस्बे के राम मोहल्ला मंदिर, शीतला माता चौक स्थित श्री रघुनाथजी मंदिर में 9 नवंबर 2026, सोमवार को अन्नकूट महोत्सव एवं भव्य कीर्तन का धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे से सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का शुभारंभ होगा। दोपहर 12:15 बजे भगवान की महाआरती की जाएगी तथा 12:30 बजे भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा।

जहाजपुर में बोरिंग पर पानी भरते समय करंट लगने से युवक की मौत

भीलवाड़ा। जिले के जहाजपुर में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां सार्वजनिक बोरिंग पर पानी लेने गए 20 वर्षीय एक युवक की मोटर चलाते समय करंट की चपेट में आने से अकाल मौत हो गई। इस अचानक हुई दुर्घटना से मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की पहचान दिलखुश (पुत्र मोहनलाल रेगर, निवासी जहाजपुर) के रूप में हुई है। राजकीय उप जिला चिकित्सालय जहाजपुर से मिली सूचना के बाद सब इंस्पेक्टर देवराज सिंह पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

दीपावली पर मिठाई के लिए जेन जी आंदोलन

अब बनाई लड्डू जनता पार्टी, किया बड़ा प्रदर्शन

कोटा। नीट पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन करके अपनी ताकत दिखा चुके जेन जी ने अब लड्डू के लिए बिगुल फूंक दिया। राजस्थान के कोटा में दीपावली पर कोचिंग सेंटर्स में लड्डू नहीं बंटने पर सैकड़ों स्टूडेंट्स सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद करने लगे। एकत्रित होकर लड्डू -लड्डू के नारे लगाए गए और सड़कों पर जुलूस भी निकाला गया। इतना ही नहीं, कॉकरोच जनता पार्टी की तर्ज पर सोशल मीडिया पर लड्डू जनता पार्टी एलजेपी भी अस्तित्व में आ गई।शिक्षा नगरी कोटा में इस बार दीपावली का त्योहार एक अनोखे आंदोलन को लेकर चर्चा में आ गया। त्योहार पर समय पर लड्डू नहीं मिलने से नाराज जेन जी छात्रों ने सड़कों पर उतरकर अपनी नाराजगी जाहिर की। कोरल पार्क इलाके में सैकड़ों छात्रों के इस अनोखे विरोध प्रदर्शन ने देखते ही देखते सोशल मीडिया पर भी खूब सुर्खियां बटोर लीं।



कैसे शुरू हुआ लड्डू वाला आंदोलन

दरअसल, दीपावली के मौके पर छात्रों को उम्मीद थी कि जिन संस्थानों में लाखों की फीस देकर वे पढ़ाई करते हैं वहां त्योहार की खुशी में उनके लिए कुछ इंतजाम होंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बीच उनका गुस्सा तब भड़क उठा जब कुछ टीचर्स ने लड्डू के पैकेट मिलने के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर दिए। इसके बाद तो छात्रों ने उन्हें भी कम से कम लड्डू बांटे जाने की मांग उठा थी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में स्टूडेंट इस मांग को लेकर जुटने लगे। कुछ ही देर में लड्डू -लड्डू के नारे गूंजने लगे। कोटावासी इन नारों को लेकर अचरज में आ गए तो उन्होंने परिवार से दूर रहने वाले छात्रों के लिए सहानुभूति भी व्यक्त की।

छात्रों ने बयां किया दर्द, वीडियो भी बना रहे

प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने कहा कि उनसे लाखों रुपये फीस के रूप में वसूली जाती है, लेकिन त्योहार पर उन्हें एक लड्डू तक नसीब नहीं हो रहा। इसी नाराजगी को लेकर छात्रों ने बैनर और पोस्टर के साथ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान लगाए गए एक बैनर ने लोगों का खास ध्यान खींचा। इस पर लिखा था कि छात्रों से डेढ़ लाख रुपये फीस ली जा रही है, लेकिन बदले में एक भी लड्डू नहीं दिया जा रहा। कई स्टूडेंट्स ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किए हैं।

सोशल मीडिया पर अब-लड्डू जनता पार्टी

इस पूरे घटनाक्रम के बीच सोशल मीडिया पर 'लड्डू जनता पार्टी' नाम भी चर्चा में आ गया। इससे पहले 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नाम से सुर्खियां बटोरने वाले छात्रों की तरह अब लडडूओं को लेकर बनाई गई इस अनोखी पार्टी ने भी इंटरनेट पर अपनी जगह बना ली। छात्रों ने आंदोलन से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए, जिन्हें लेकर यूजर्स के बीच खूब चर्चा होने लगी। कोटा की कोचिंग संस्कृति, भारी-भरकम फीस और छात्रों की रोजमर्रा की जिंदगी के बीच यह लड्डू आंदोलन एक अलग ही रंग लेकर सामने आया।

रिश्तों की हो दीपावली

कतरा रहे हैं रिश्तों से
सूने हो रहे हैं त्यौहार
रामा-श्यामा दिवस पर
मौन हो गए हैं द्वार।
छूट गए सब नाते-रिश्ते
सीमित हो गया परिवार
कहानी यह घर-घर की
बदल गया है व्यवहार।
देकर फोन पर बधाइयाँ
सिमट गया यह संसार
बचा नहीं अपनत्व अब
नाम के रह गए रिश्तेदार।
औपचारिक दीप बुझाकर
नव संकल्प करेंगे साकार
रिश्तों की हो ये दीपावली
ऐसी पहल करें इस बार।
मिठाई संग आओ बाँटें
आपस का प्यार-दुलार
वजह लाएँ मिलने की
सजे रिश्तों का आधार।
संवारना होगा हमको
बिखरे रिश्तों के तार
छोटी-छोटी पहल से
लौटेगा आपसी प्यार।
प्रेम-विश्वास बढ़े आपस में
उत्सव का उमंग हो अपार
मिलने-मिलाने की रीत चले
फिर से हो आँगन गुलज़ार।
रिश्तों की हो दीपावली
यही रखें इस बार का विचार।

मधु भूतड़ा अक्षरा
जयपुर



Bhilwara Spinners Limited

CIN: L117115 RJ1980 PCL008217
Regd. Off.: 26, Industrial Area, Bhilwara - 311 001 (Rajasthan)
Tel No.: +91 1482 246461, E-mail ID: bhilspin@gmail.com
Website: www.bhilwaraspinners.com

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2026 (Rs. in Lacs)

Particulars	Quarter ended	Half Year ended	Year ended
	30.9.2026	30.9.2026	31.3.2026
	Un Audited		Audited
Total income from Operation (net)	4041.91	7425.93	7447.44
Other Income	71.14	135.41	111.87
Exceptional Items	0.00	0.00	63.11
Net Profit (+)/Loss(-) from Ordinary Activities	316.09	549.05	193.04
Net Profit (+)/Loss(-) after Exceptional income & tax	246.62	437.62	490.8
Paid-up equity share capital (Face Value of the Share Rs.10/- per share)	905.36	905.36	905.36
Reserve excluding Revaluation Reserves as per balance sheet of previous accounting year			4116.36
Earning per shair from Orderinary Activties	3.49	6.06	2.13
Earning per shair After Exceptional income & Tax	2.72	4.83	5.42

Note:
1 The above is an extract of the detailed formet of financial result for the quarter/Half year ended 30th September 2026 filed with the stock Exchange under regulation 33 of SEBI (Listing and other Discloser Requirments) Regulations 2015.The full formet of the financial results are avalable on the stock Exchanges websites www.bseindia.com and Company's wedsite www.bhilwaraspinners.com.

Date : 04th November, 2026
Place : Bhilwara (Rajasthan)

By order of the Board
for Bhilwara Spinners Limited
(ANSHUL KOTHARI)
Managing Director
DIN: 2624500

कार्यालय उप वन संरक्षक, भीलवाड़ा (राजस्थान)

(Van Bhawan, Shastri Nagar, Bhilwara, Tel No. 01482-252693,
E mail :def.blwr.forest@rajasthan.gov.in)

क्रमांकः-एफ. () उवसं/ स्टोर/2026-27/13029 दिनांक-04-11-2026

ई-निविदा सूचना क्रम सं. 42/2026-27

वन मंडल भीलवाड़ा अधीन वित्तीय वर्ष 2026-27 में ई-निविदा सूचना संख्या 42/2026-27 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकती है।

क्र. स.	कार्य का नाम	निविदा संख्या	निविदा अपलोड करने की अंतिम दिनांक व समय	निविदा खोलने की दिनांक व समय	UBN NO
1.	भीलवाड़ा वनमंडल अधीन चयनित कार्य स्थलों पर वर्ष 2026-27 में वर्ष पर्यन्त टेंकरो द्वारा पानी आपूर्ति हेतु	42/2026 2027	12.11.2026 01.00 बजे	12.11.2026 03.00 बजे	FOR2627 SSOB 03136

(मरिय शाइन ए.) IFS
उप वन संरक्षक, भीलवाड़ा

कार्यालय उप वन संरक्षक, वन्य जीव कोटा (राज.)

जे. के. पेवेलियन, अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के सामने, नयापुरा, कोटा
Phone No- 0744-2321263 Mail ID defwl.kota.forest@rajasthan.gov.in-2-defwl232@gmail.com

क्रमांकः एफ () विकास / उवस/वजी/2026-27/6985 दिनांक 30-10-2026

ई-निविदा सूचना सं. 10/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस वन्यजीव मण्डल के अधीन उम्मेदगंज पक्षी विहार कन्जर्वेशन रिजर्व, कोटा में कैम्पा योजना अन्तर्गत फोरेस्ट गार्ड चौकी निर्माण कार्य करवाया जाना है। उक्त कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत सार्वजनिक निर्माण विभाग व राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों जो राज्य सरकार के नियमानुसार श्रेणी में संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाइन निविदा आमन्त्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	धरोहर राशि 2%	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि	प्रोसेसिंग फीस	चालान द्वारा जमा होने वाले शुल्कों का विवरण
.1	2	3	4	5	6	7	8
1.	Construction of Forest Guard Chowkies Ummedganj Pakshi Vihar Conservation Reserve Kota	12.67 लाख	25340/-	500/-	90 दिवस	500/-	7. ई-ग्रास के माध्यम से निविदा शुल्क की राशि जरिये चालान लेखामद 0075-00-800-52-01 में जमा की जावे। धरोहर राशि लेखामद 8443-00-109-00-00 में जमा की जावे। 9. प्रोसेसिंग शुल्क लेखामद 8658-00-102-16-03 में जमा की जावे।

कार्यालय का नाम	उप वन संरक्षक, वन्य जीव, कोटा
ऑन लाइन निविदा फार्म मिलने व जमा करवाने की तारीख	30.10.2026 से 12.11.2026 को अपराह्न 3 बजे तक
ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की तारीख	12.11.2026 को अपराह्न 4 बजे
दोष निवारण अवधि	पक्के कार्य में 5 वर्ष एवं मरम्मत कार्य में 1 वर्ष
निविदा वैधता अवधि	90 दिवस

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http//sppp.rajasthan.in & http//eproc.rajasthan. पर व कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त कार्य पुरानी दर से स्वीकृत होने के कारण उक्त कार्य की दरे PWD BSR 2022 से चार्ज की गई है।
1-UBN No.- FOR2627WSOB03101

उप वन संरक्षक,
वन्य जीव, कोटा

DIPR\C\18151\2026

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग सम्भाग भरतपुर

क्रमांकः अमुअ/भरत/त.स./2026-27/डी-1373 दिनांकः 30/10/2026

संशोधन पत्र निविदा सूचना संख्या 17/2026-27

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक एसीई/बीटीपी / निविदा/2026-27/डी-1270 दिनांक 12.10.2026 से जारी निविदा सूचना संख्या 17/2026-27 भरतपुर संभाग के अधीन जिला भरतपुर में सडक निर्माण कार्य के लिए, जो कि एसपीपी पोर्टल पर NIB NO. PWD2627A3294 से प्रकाशित हुई है, की तिथियों में निम्नानुसार संशोधन जारी किया जाता है जो वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है।

विवरण	पूर्व प्रकाशित तिथियां	संशोधित तिथियां
ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख	दिनांक 14.10.2026 प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 02.11.2026 सांय 06.00 बजे तक	दिनांक 14.10.2026 प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 12.11.2026 सांय 06.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख	दिनांक 14.10.2026 प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 02.11.2026 सांय 06.00 बजे तक	दिनांक 14.10.2026 प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 12.11.2026 सांय 06.00 बजे तक
प्री बिड मीटिंग की तारीख	23.10.2026 अपराह्न 03.00 बजे संभाग कार्यालय भरतपुर में एवं प्रीबिड क्वेरिज ई-मेल पर acebtp@rediffmail.com भेजने की दिनांक 23.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।	10.11.2026 अपराह्न 03.00 बजे संभाग कार्यालय भरतपुर में एवं प्रीबिड क्वेरिज ई-मेल पर acebtp@rediffmail.com भेजने की दिनांक 10.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।
ऑनलाईन तकनीकी निविदा, खोलने की तारीख	कार्य के सम्मुख अंकित कार्यालय में 03.11.2026 अपराह्न 03.00 बजे खोली जायेगी।	कार्य के सम्मुख अंकित कार्यालय में 13.11.2026 अपराह्न 03.00 बजे खोली जायेगी।

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेगी।
NIT DIPR RO No.17752

(जयलाल मीना)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता सानिवि संभाग भरतपुर
E-mail ID- acebtp@rediffmail.com Mob.-9414304714

DIPR\C\18178\2026

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : नियमन /2025/ एल. डी-357315

:- आम सूचना -:

राजस्व ग्राम पांसल की आराजी सं. 3810/2 के कृषि भुखण्ड संख्या 29 के नियमन बाबत् ।

उपरोक्तानुसार आवेदक श्रीमति शिमला रांका पत्नी श्री गौतम चन्द रांका ने राजस्व ग्राम पांसल की आराजी सं. 3810/2 के कृषि भुखण्ड संख्या 29 साईज 39x89=385.66 वर्गगज जरिये पंजीकृत/अपंजीकृत दस्तावेज से क्रय किया है। उपरोक्त भूखण्ड गृह निर्माण सहकारी समिति / खातेदार कुबेर ट्रेडिंग कम्पनी के मु.आम श्री कैलाश चन्द्र कोठारी पुत्र श्री रामस्वरूप कोठारी द्वारा श्रीमति शिमला रांका पत्नी श्री गौतम चन्द रांका को विक्रय किया गया तथा अंतिम क्रेता श्रीमति शिमला रांका पत्नी श्री गौतम चन्द रांका ने उक्त भूखण्ड का नियमन उपरान्त पट्टा चाहा है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस भूखण्ड के नियमन बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या सम्बन्धित को कोई उजर / एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से सात दिवस में न्यास में अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या सम्बन्धित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड के नियमन बाबत् अग्रिम कार्यवाही आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए सम्पादित कर दी जायेगी तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

विशेषाधिकारी (भूमि)
प्राधिकृत अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : भू.उ.प./1151/2026/ Rajkaj दिनांक : 02.11.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती यशवन्त जैन पत्नी निर्मल कुमार सुतरिया निवासी भीलवाड़ा द्वारा ग्राम पांसल की आराजी नं. 3597-3599 में स्थित भूखण्ड संख्या A-03 क्षेत्रफल 268.49 वर्गमीटर का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते न्यास कार्यालय में आवेदन किया है।

उक्त भूमि का जोनल डवलपमेन्ट जोन B में भू-उपयोग मिश्रित उपयोग दर्शा रखा है। आवेदित भूमि का व्यावसायिक उपयोग वास्ते भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

नौ महीने से मानदेय नहीं मिलने से पार्कों की देखरेख करने वाली महिला श्रमिकों का फूटा गुस्सा

नगर निगम में हाथ जोड़ किया प्रदर्शन, महापौर व अधिकारियों से लगाई गुहार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

त्योहारों के इस उल्लास भरे माहौल में जहां हर तरफ दीपों की रोशनी और खुशियों का दौर है, वहीं शहर के विभिन्न वार्डों में नगर निगम के पार्कों की देखरेख और साफ-सफाई का जिम्मा संभालने वाली महिला श्रमिकों के घरों में चूल्हा तक जलना मुश्किल हो गया है। पिछले नौ महीनों से लगातार मेहनत करने के बावजूद मानदेय न मिलने से आहत महिला श्रमिकों ने गुरुवार को नगर निगम पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और अपना कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। हाथ जोड़कर न्याय की गुहार लगाती इन महिलाओं ने पार्षदों और अधिकारियों पर अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। नगर निगम कार्यालय के बाहर एकत्र हुई महिला श्रमिकों ने बताया कि वे शहर के प्रमुख पार्कों—जैसे गांधी सागर पार्क,



जगन्नाथ मंदिर पार्क, तीन नंबर सेक्टर पार्क, खत्री कॉलोनी पार्क, शास्त्री नगर पांच नंबर सेक्टर पार्क, आरके कॉलोनी पार्क और न्यू हाउसिंग बोर्ड पार्क में सुबह-शाम पूरी निष्ठा और मेहनत से पौधों में पानी देने, साफ-सफाई करने और हरियाली बनाए रखने का कार्य करती हैं। लेकिन विडंबना यह है कि पिछले 9 महीनों से उन्हें पारिश्रमिक के रूप में एक भी रुपया नहीं दिया गया है। श्रमिकों में शामिल सीता राम माली, राधा देवी, मांगी बांट, पुष्पा देवी, ममता, नजमा, सुखी बैरवा, किस्मत मीना, मोहरम देवी और चांदी देवी ने दर्द बयां करते हुए कहा कि वे सुबह से भूखे-प्यासे निगम कार्यालय के चक्कर काट रही हैं, लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनकी सुनने को तैयार नहीं है।

ठेकेदार और निगम के बीच पिस रहे गरीब श्रमिक

महिला श्रमिकों का आरोप है कि जब वे अपने बकाया भुगतान के लिए संबंधित ठेकेदार हिमांशुल माथुर व गजेंद्र सिंह आदि के पास जाती हैं, तो उन्हें आगे का हवाला देकर टरका दिया जाता है। वहीं जब वे नगर निगम के अधिकारियों और पार्षदों के पास फरियाद लेकर पहुंचती हैं, तो उन्हें डांटकर भगा दिया जाता है। पीड़ित महिलाओं ने रोष जताते हुए कहा कि अधिकारी यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि उन्होंने हमारे घर थोड़ी काम कराया है। ऐसे में गरीब श्रमिक समझ नहीं पा रहे हैं कि वे न्याय के लिए आखिर किसके दर पर जाएं। ठेकेदार का कहना है कि निगम से भुगतान नहीं मिल रहा है, और निगम अधिकारी ठेकेदार पर जिम्मेदारी मढ़ रहे हैं, जिसके चलते इन गरीब परिवारों की दीपावली फीकी पड़ती नजर आ रही है।

महापौर से तत्काल हस्तक्षेप और उग्र आंदोलन की चेतावनी

त्योहार के मुहाने पर खड़े इन परिवारों के सामने अब भुखमरी और कंगाली का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने महापौर और निगम आयुक्त से तत्काल हस्तक्षेप करने तथा उनका नौ महीने का बकाया मानदेय तुरंत खातों में ट्रांसफर करने की पुरजोर मांग की है। महिला श्रमिकों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनके पसीने की एक-एक पाई का भुगतान नहीं किया गया, तो वे मजबूरन पार्कों के बाहर धरना-प्रदर्शन करने और उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए विवश होंगी।

संकट मोचन हनुमान मंदिर में अन्नकूट महोत्सव 10 को

भीलवाड़ा । दीपावली पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष चितौड़ रोड़, रेल्वे फाटक, यातायात पुलिस थाना के समीप स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर 10 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। दोपहर 1.30 बजे भजन-संकीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके बाद श्री हनुमान चालीसा पाठ, श्रीराम स्तुति, विजय महामंत्र जप के बाद सायंकाल 4 बजे महाआरती होगी। फिर श्री राम दरबार, श्री संकट मोचन हनुमान जी को अन्नकूट, प्रसाद को महाभोग लगेगा। भक्तों को अन्नकूट का महाप्रसाद वितरण होगा।

ई-नीलामी में लाखों की धोखाधड़ी एसपी ने दिए जांच के आदेश

नीलामी में 3135 वर्गमीटर जमीन, मौके पर 1906 वर्गमीटर, हाईकोर्ट के आदेश पर होगी जांच

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के एक व्यापारी के साथ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से आयोजित ई-नीलामी में लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप सामने आया है। पीड़ित व्यापारी ने बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पहले मांडल थाने और बाद में जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर राजस्थान हाईकोर्ट की शरण ली। पीड़ित व्यापारी के अधिवक्ता भूषण सिंह चारण ने बताया कि मामले में जोधपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुनील बेनीवाल ने याचिका पर निर्देश दिए कि यदि याचिकाकर्ता संबंधित प्राधिकरण के समक्ष कोई प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है तो प्राधिकरण उसके तथ्यों और उसमें उठाई गई शिकायतों पर विचार कर कानून के अनुसार कार्रवाई करे। इधर, पीड़ित के परिवाद पर जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने भी मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

पीड़ित वर्द्धमान कॉलोनी के प्रवीण पुत्र मनोहरलाल चंडालिया ने बताया कि एसबीआई ने 9 दिसंबर 2025 को ई-नीलामी की। उन्होंने मांडल कस्बे के समीप स्थित 3135 वर्ग मीटर औद्योगिक भूमि 70 लाख 61 हजार रुपये में खरीदी थी। इस भूमि की संपूर्ण राशि उन्होंने 24 दिसंबर 2025 को जमा करवा दी। व्यापारी का आरोप है कि बैंक अधिकारी वंदना, महिमा गुप्ता और ओमप्रकाश मिश्रा ने मिलीभगत कर उनके साथ धोखाधड़ी की। नीलामी में दर्शाई गई 3135 वर्ग मीटर भूमि के बजाय मौके पर केवल करीब 1906 वर्ग मीटर जमीन ही उपलब्ध है। उन्हें खरीदी गई भूमि का भौतिक कब्जा भी नहीं दिया जा रहा है।

श्री बालाजी टाइटंस ने जीता पुर प्रीमियर लीग 2026 का खिताब


फाइनल में रघुवर राजाराम को दी शिकस्त

भीलवाड़ा। उपनगर पुर के जगदीश चंद्र दरक स्टेडियम में आयोजित पुर प्रीमियर लीग ि केट प्रतियोगिता 2026 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में श्री बालाजी टाइटंस ने रघुवर राजाराम को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 51 हजार रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। सुरेश सेन हठीला ने बताया कि फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि सत्यनारायण गुग्गड़, शिव खटीक, एमपी बिरला सीमेंट के अधिकारी और चारों वार्डों के पार्षदगण उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में अर्जुन पंडित को मैन ऑफ द सीरीज, परमेश माली को मैन ऑफ द मैच, राहुल विश्नोई को बेस्ट बॉलर और अरुण नायर को बेस्ट फील्डर चुना गया। रमेश जाट, कुलदीप पारीक और मुकेश गुर्जर ने कमेंट्री की, जबकि मंच संचालन ऊषा चतुर्वेदी ने संभाला। प्रतियोगिता के संरक्षक हेमंत कुमार व्यास सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ावा मिलता है।

कांकरोली में रंजिश के चलते युवक की हत्या दो युवकों को लिया पुलिस हिरासत में

लोकजीवन न्यूज सर्विस, राजसमंद

जिला मुख्यालय पर कांकरोली थाना क्षेत्र के सुलूस रोड पर देर रात आपसी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। घटना में आमेट थाना क्षेत्र के निवासी सुरेंद्र सिंह की मौत हो गई। वारदात के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में संलिप्त बताए जा रहे दो युवकों पुलिस ने तत्काल हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक सुरेंद्र सिंह आमेट थाना क्षेत्र का निवासी था, जबकि वारदात को अंजाम देने के आरोपी बताए जा रहे दोनों युवक कांकरोली थाना क्षेत्र के सुलूस रोड के निवासी हैं बताए जा रहे है। तीनों अलग-



अलग थाना क्षेत्रों से जुड़े थे होने के साथ आपस में दोस्त भी थे। इनके बीच किसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी। घटना की सूचना मिलने पर कांकरोली थाना अधिकारी सरोज बैरवा पुलिस पुलिस उपाधीक्षक नेत्रपाल सिंह कितना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद देर रात पुलिस अधीक्षक हेमंत कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और घटना के कारणों को लेकर जांच शुरू की है। पुलिस ने मृतक के शव को आर.के. अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गए दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है तथा हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस ने दीपावली त्यौहार को देखते हुए कानून व्यवस्था के मध्य नजर शहर में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

जो दूसरों को आगे बढ़ने का अवसर दे सही मायने में वहीं वरिष्ठ - युवाचार्य महेंद्र ऋषि

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

उम्र का बढ़ना वरिष्ठता का प्रमाण नहीं, जीवन की समझ, धैर्य और दूसरों को आगे बढ़ने का अवसर देने की उदारता ही व्यक्ति को सही अर्थ में वरिष्ठ बनाती है।

परिवार और समाज में वरिष्ठ नागरिक केवल अनुभव के वाहक नहीं, बल्कि कठिन समय में संतुलन और संरक्षण देने वाले रक्षा-कवच होते हैं। ये विचार श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने वरिष्ठ नागरिक भवन में आयोजित वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक एवं धर्मसभा में व्यक्त किए। युवाचार्यश्री ने कहा कि श्रेष्ठता उम्र से नहीं, व्यवहार से पहचानी जाती है। जो स्वयं आगे रहने के बजाय दूसरों के लिए स्थान बनाता है, अनुभव को अधिकार नहीं बल्कि मार्गदर्शन बनाता है और परिवार को जोड़कर रखता है, वही वरिष्ठता की वास्तविक



गरिमा निभाता है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका को भगवान शंकर के विषपान के प्रसंग से जोड़ते हुए कहा कि परिवार के बड़े कई बार दूसरों के हित में कड़वाहट स्वयं तक रोक लेते हैं, लेकिन उसे भीतर उतारकर अपने जीवन को विषाक्त नहीं होने देते। परिस्थितियों को संभालना, तनाव को आगे न बढ़ाना और दूसरों के कल्याण की भावना बनाए रखना वरिष्ठता की बड़ी पहचान है। इस अवसर पर मंच अध्यक्ष मदन खटोड़ ने युवाचार्यश्री, संत-साध्वीवृंद एवं जैन समाज के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने शांतिभवन के अध्यक्ष राजेंद्र चीपड़, संयोजक कंवरलाल सूरिया ,मंत्री नवरतनमल भलावत, दिनेश बुरड़, कमल चौधरी, विनोद गोखरू, शांतिलाल ओस्तवाल,गोवर्धन सिंह कावड़िया एवं मंजू खटवड़ कमला चौधरी के सहयोग का विशेष उल्लेख किया। मंच बैठक का संचालन महासचिव कृष्ण गोपाल सोमानी ने किया। गत माह की कार्यवाही की पुष्टि के साथ नवसदस्य बने सदस्यों और नवंबर माह में जन्मदिन वाले सदस्यों का अभिनंदन किया गया। संस्था के पंजीयन संबंधी कार्य में उल्लेखनीय सहयोग के लिए कोषाध्यक्ष मूलचंद बाफना एवं शकुंतला बाफना का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय संरक्षक श्याम कुमार डाड ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा रोशन लाल पितलिया, कैलाश चंद्र सोमानी, कैलाश चंद्र पुरोहित,दामोदर अग्रवाल (निरमा), सुशील बंसल,उमा शंकर शर्मा,जगदीश विजयवर्गीय,ओम ,वीणा खटोड़, विमला सोमानी,मंजुलता भट्ट सहित मंच के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी घोषित, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिनिधियों की नियुक्ति

भीलवाड़ा। प्रेस क्लब अध्यक्ष सुखपाल जाट ने प्रेस क्लब की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। कार्यालय सचिव दिलीप सोनी ने बताया कि कार्यकारिणी में सुखपाल जाट अध्यक्ष, राजेश मेठानी महासचिव, तथा सतीश वर्मा कोषाध्यक्ष होंगे।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मूलचंद पेशवानी, ललित ओझा, ओम कसारा, श्रीमती मधु जाजू एवं प्रहलाद राय तेली को जिम्मेदारी दी गई है। उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण गोपाल गोयल, राहुल कौशिक, रतनलाल प्रजापति, अतुल अग्रवाल, योगेश शर्मा, नरेश पारीक एवं महावीर समदानी को नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर राजेंद्र शर्मा, विजय जेथलिया, सुनील पाटनी, पंकज पोरवाल, चेतन उपाध्याय, दुर्गेश पानेरी, पवन कुमार गर्ग, दीपेश नेनावटी, राजीव दाधीच एवं धर्मेंद्र कोठारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं दिलीप सोनी को पुनः कार्यालय सचिव, अंकुर बोरदिया को प्रवक्ता तथा एडवोकेट सीताराम सोनी को विधि सलाहकार बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रहलादराय सोडाणी , प्रेम उपाध्याय, पंकज त्रिपाठी, अनिल शर्मा, शिवानी शर्मा , सुधीर बूलिया, अंकुर सनाढ्य, रवि पायक , दीपेश छीपा , लक्की शर्मा, पुनीत चपलोत, अमित काबरा, प्रकाश चपलोत (पिंटू), अमित शर्मा, अरुण मुछाल ,विजय थावानी, विनोद सेन, आशीष पाराशर, देवेंद्र सिंह नाथावत, नरेशगिरी गोस्वामी, देवेंद्र द्विवेदी, विजय टेलर एवं किशोर पारदासानी को शामिल किया गया है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पत्रकारों को प्रतिनिधित्व देते हुए जिला प्रतिनिधि के रूप में गणेश सुगंधी, भैरू लक्षकार, रमेश पेशवानी (शाहपुरा), कमलेश शर्मा (फूलियाकलां), के.के. भण्डारी (बनेड़ा), सत्यनारायण टेलर (अरवड़) एवं रमेश दरगड़ (रायला) विनोद बिड़ला, सुरेंद्र सागर (मांडल), मनीष शर्मा, पुष्पकांत जोशी (बागोर), सुरेश शोत्रीय , राजेश कोठारी (करेड़ा) एवं सुखदेव गाडरी (भीमडि़यास), जसवंत सिंह, अशोक श्रीमाल, मंजूर शेख (आसींद), विजय सिंह (बदनोर), रोहित सोनी (कटार), सुनील बाबेल (अंटाली), प्रदीप रांका, रामेश्वर प्रसाद सोनी, रामकिशन वैष्णव, टीकम हैमनानी एवं परमेश्वर शर्मा (गुलाबपुरा), दिलीप मेहता, राकेश मीणा, केसरी मल मेवाड़ा, देवीलाल साहू (मांडलगढ़), भंवर धाकड़, नरेंद्र जैन, जगदीश सोनी, कपिल विजयवर्गीय (बिजौलियां), गिरधर पाराशर (तिलस्वां), महेंद्र कुमार बाबेल (बीगोद) एवं श्रीमती नजमा साबिर रंगरेज (काछोला), दिनेश पत्रिया, देवेंद्र सिंह (जहाजपुर), रमेश भाट (पण्डेर), श्यामसुंदर शर्मा, श्रीमती अनिता बबलू पोखरना (कोटड़ी), बनवारी पाराशर (पारोली) एवं प्रभुलाल सोनी (बरुंदनी), सुरेश शर्मा, गोपाल लुहार (गंगापुर), चेतन सुखलेचा, मनमोहन त्रिवेदी (रायपुर), सुभाष ओझा, अलाउद्दीन मंसूरी (हमीरगढ़) एवं श्याम गुर्जर (मंगरोप) को शामिल किया है।

जहाजपुर में बजरी से भरे ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार भिड़ंत, एक युवक घायल

भीलवाड़ा। जहाजपुर थाना क्षेत्र के भवानीपुर चौराहे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां बजरी से भरे एक ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भीलवाड़ा रेफर करना पड़ा। जहाजपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा। मौके पर बजरी से भरा एक बिना नंबर का ट्रैक्टर और एक बुरी तरह क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली। हादसे के बाद घायल बाइक चालक को राजकीय अस्पताल जहाजपुर ले जाया गया था, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची।जांच में घायल की पहचान शिवम् (19 वर्ष, पुत्र देवराज प्रजापत, निवासी धोड़) के रूप में हुई। अस्पताल में प्राथमिक उपचार और मेडिकल के बाद चिकित्सा अधिकारी ने शिवम् की गंभीर हालत को देखते हुए उसे भीलवाड़ा रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल और बजरी से भरे ट्रैक्टर को अपने कब्जे (डिटेन) में ले लिया है। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES UNDER THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED ("SEBI ICDR REGULATIONS"). NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY, OUTSIDE INDIA. INITIAL PUBLIC OFFERING OF EQUITY SHARES ON THE MAIN BOARD OF THE STOCK EXCHANGES (AS DEFINED IN THE DRHP) IN COMPLIANCE WITH CHAPTER II OF THE SEBI ICDR REGULATIONS.

PUBLIC ANNOUNCEMENT

(Please use this QR Code to view this Draft Red Herring Prospectus and the Draft Abridged Prospectus)

SITARAM DENIMS INDIA LIMITED

Our Company was originally incorporated as 'Sitaram Texpark Developers Private Limited', a private limited company under the Companies Act, 1956, pursuant to a certificate of incorporation dated February 2, 2011 issued by the Registrar of Companies, Jaipur at Rajasthan. Subsequently, pursuant to a resolution passed by our Board dated April 7, 2016 and a special resolution passed by our Shareholders dated April 20, 2016. Thereafter, the name of our Company was changed from 'Sitaram Texpark Developers Private Limited' to 'Sitaram Denim India Private Limited', and a fresh certificate of incorporation dated May 20, 2016 was issued by the Registrar of Companies, Jaipur at Rajasthan. Subsequently, pursuant to a board resolution dated May 20, 2016 and a special resolution passed by the shareholders on May 23, 2016, our Company was converted into a public limited company and its name was changed from 'Sitaram Denim India Private Limited' to 'Sitaram Denim India Limited' and a fresh certificate of incorporation consequent upon conversion was issued on June 3, 2016 by the Registrar of Companies, Jaipur at Rajasthan. Thereafter, pursuant to a resolution passed by our Board dated June 9, 2016 and a special resolution passed by our Shareholders dated June 10, 2016 the name of our Company was changed from 'Sitaram Denim India Limited' to 'Sitaram Denims India Limited', and a fresh certificate of incorporation pursuant to change of name was issued on June 16, 2016 by the Registrar of Companies, Jaipur at Rajasthan. For details of change in the name and registered office of our Company, see "**History and Certain Corporate Matters**" on page 287.

Corporate Identity Number: U17100RJ2011PLC034052
Registered Office: F-226,227, G-228, 229, IVth Phase RIICO Industrial Area, Bhilwara – 311 001, Rajasthan, India
Contact Person: Shruti Joshi, Company Secretary and Compliance Officer
Telephone: +91 70233 66448 **E-mail:** cs@sitaramdenims.com **Website:** www.sitaramdenims.com

OUR PROMOTERS: ANIL KUMAR NUWAL, MADHU SUDAN NUWAL, JUGAL KISHORE NUWAL AND SITARAM INDIA LIMITED

INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO 30,938,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹5 EACH ("EQUITY SHARES") OF SITARAM DENIMS INDIA LIMITED ("OUR COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹[•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SECURITIES PREMIUM OF ₹[•] PER EQUITY SHARE) ("OFFER PRICE") AGGREGATING UP TO ₹[•] MILLION (THE "OFFER") COMPRISING A FRESH ISSUE OF UP TO 26,467,000 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹[•] MILLION BY OUR COMPANY (THE "FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF UP TO 4,471,000 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹[•] MILLION COMPRISING AN OFFER FOR SALE OF UP TO 1,490,333 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹[•] MILLION BY MADHU NUWAL, UP TO 1,490,333 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹[•] MILLION BY MAMTA NUWAL AND UP TO 1,490,334 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹[•] MILLION BY SANGEETA NUWAL ("PROMOTER GROUP SELLING SHAREHOLDERS") ("OFFER FOR SALE", AND TOGETHER WITH THE FRESH ISSUE, THE "OFFER"). THE OFFER SHALL CONSTITUTE [•]% OF THE POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

OUR COMPANY, IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGER, MAY CONSIDER AN ISSUE OF UP TO 5,000,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹5 EACH AGGREGATING UP TO ₹[•] MILLION, AS MAY BE PERMITTED UNDER APPLICABLE LAW, TO ANY PERSON(S), AT ITS DISCRETION, PRIOR TO FILING OF THE RED HERRING PROSPECTUS WITH THE ROC ("PRE-IPO PLACEMENT"). THE PRE-IPO PLACEMENT, IF UNDERTAKEN, WILL BE AT A PRICE TO BE DECIDED BY OUR COMPANY, IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGER. IF THE PRE-IPO PLACEMENT IS COMPLETED, THE AMOUNT RAISED PURSUANT TO THE PRE-IPO PLACEMENT WILL BE REDUCED FROM THE FRESH ISSUE, SUBJECT TO COMPLIANCE WITH RULE 19(2)(B) OF THE SCRR. THE UTILISATION OF THE PROCEEDS RAISED PURSUANT TO THE PRE-IPO PLACEMENT WILL BE DONE TOWARDS THE OBJECTS OF THE OFFER IN COMPLIANCE WITH APPLICABLE LAW. THE PRE-IPO PLACEMENT, IF UNDERTAKEN, SHALL NOT EXCEED 20.00% OF THE SIZE OF THE FRESH ISSUE. PRIOR TO THE COMPLETION OF THE OFFER, OUR COMPANY SHALL APPROPRIATELY INTIMATE THE SUBSCRIBERS TO THE PRE-IPO PLACEMENT, PRIOR TO ALLOTMENT PURSUANT TO THE PRE-IPO PLACEMENT, THAT THERE IS NO GUARANTEE THAT OUR COMPANY MAY PROCEED WITH THE OFFER OR THE OFFER MAY BE SUCCESSFUL AND WILL RESULT INTO LISTING OF THE EQUITY SHARES ON THE STOCK EXCHANGES. OUR COMPANY SHALL REPORT ANY PRE-IPO PLACEMENT TO THE STOCK EXCHANGES, WITHIN 24 HOURS OF SUCH PRE-IPO PLACEMENT (IN PART OR IN ENTIRETY). THE PRE-IPO PLACEMENT HAS BEEN AUTHORISED BY OUR BOARD PURSUANT TO THE RESOLUTION PASSED AT ITS MEETING DATED OCTOBER 06, 2026, AND BY OUR SHAREHOLDERS PURSUANT TO A SPECIAL RESOLUTION PASSED AT THEIR EXTRAORDINARY GENERAL MEETING DATED OCTOBER 09, 2026. FURTHER, RELEVANT DISCLOSURES IN RELATION TO SUCH INTIMATION TO THE SUBSCRIBERS TO THE PRE-IPO PLACEMENT (IF UNDERTAKEN) SHALL BE APPROPRIATELY MADE IN THE RELEVANT SECTIONS OF THE RED HERRING PROSPECTUS AND THE PROSPECTUS.

THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS ₹5 EACH AND THE OFFER PRICE IS [•] TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. THE PRICE BAND AND THE MINIMUM BID LOT WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGER AND WILL BE ADVERTISED IN ALL EDITIONS OF [•] THE ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER AND ALL EDITIONS OF [•] THE HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER (HINDI ALSO BEING THE REGIONAL LANGUAGE OF RAJASTHAN, WHERE OUR REGISTERED OFFICE IS LOCATED), EACH WITH WIDE CIRCULATION, AT LEAST TWO WORKING DAYS PRIOR TO THE BID/OFFER OPENING DATE AND SUCH ADVERTISEMENT SHALL BE MADE AVAILABLE TO THE BSE LIMITED (THE "BSE") AND THE NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED (THE "NSE", AND TOGETHER WITH BSE, THE "STOCK EXCHANGES") FOR THE PURPOSE OF UPLOADING ON THEIR RESPECTIVE WEBSITES IN ACCORDANCE WITH THE SEBI ICDR REGULATIONS.

In case of any revision in the Price Band, the Bid/Offer Period will be extended by at least 3 (three) additional Working Days after such revision of the Price Band, subject to the Bid/Offer Period not exceeding 10 (ten) Working Days. In cases of force majeure, banking strike or similar unforeseen circumstances, our Company may, in consultation with the BRLM, for reasons to be recorded in writing, extend the Bid/Offer Period for a minimum of 1 (one) Working Day, subject to the Bid/ Offer Period not exceeding 10 (ten) Working Days. Any revision in the Price Band and the revised Bid/Offer Period, if applicable, will be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges, by issuing a public notice, and also by indicating the change on the respective websites of the BRLM and at the terminals of the Syndicate Members and by intimation to the other Designated Intermediaries and the Sponsor Banks, as applicable.

The Offer is being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b) of the SCRR read with Regulation 31 of the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018, as amended (the "**SEBI ICDR Regulations**") and in compliance with Regulation 6(1) of the SEBI ICDR Regulations, wherein not more than 50% of the Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("**QIBs**", and such portion, the "**QIB Portion**"), provided that our Company may, in consultation with the Book Running Lead Manager, allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis, in accordance with the SEBI ICDR Regulations (the "**Anchor Investor Portion**"), of which 40% shall be reserved as follows: (i) 33.33% for domestic Mutual Funds; and (ii) 6.67% for Life Insurance Companies and Pension Funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds, Life Insurance Companies and Pension Funds at or above the Anchor Investor Offer Price. In case the aggregate demand from Life Insurance Companies and Pension Funds is less than 6.67%, the remaining Equity Shares will be added to the portion allocated to domestic Mutual Funds, in accordance with the SEBI ICDR Regulations. In the event of under-subscription or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the remaining QIB Portion ("**Net QIB Portion**"). Further, 5% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis only to Mutual Funds, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. However, if the aggregate demand from the Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation will be added to the remaining QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not less than 15% of the Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price, out of which (a) one-third of such portion shall be reserved for Bidders with application size of more than ₹0.20 million and up to ₹1.00 million; and (b) two-thirds of such portion shall be reserved for Bidders with application size of more than ₹1.00 million provided that the unsubscribed portion in either of such sub-categories may be allocated to Bidders in the other sub-category of Non-Institutional Bidders; and not less than 35% of the Offer shall be available for allocation to Retail Individual Bidders in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. All Bidders (except Anchor Investors) are mandatorily required to utilize the Application Supported by Blocked Amount ("**ASBA**") process by providing details of their respective ASBA accounts and UPI ID in case of UPI Bidders using the UPI Mechanism, as applicable, pursuant to which their corresponding Bid Amount will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks ("**SCSBs**") or by the Sponsor Banks under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of the respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Offer through the ASBA process. For further details, see "**Offer Procedure**" beginning on page 450.

Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in the Offer unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Offer, including the risks involved. The Equity Shares in the Offer have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Draft Red Herring Prospectus (DRHP). Specific attention of the investors is invited to "**Risk Factors**" on page 28 of the DRHP.

This public announcement is being made in compliance with the provisions of Regulation 26(2) of the SEBI ICDR Regulations to inform the public that our Company is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offering of its Equity Shares pursuant to the Offer and has filed the DRHP dated November 3, 2026 along with the Draft Abridged Prospectus with SEBI and the Stock Exchanges on November 3, 2026.

Pursuant to Regulation 26(1) of the SEBI ICDR Regulations, the DRHP along with the Draft Abridged Prospectus filed with SEBI and the Stock Exchanges shall be made available to the public for comments, if any, for a period of at least 21 days from the date of publication of this public announcement, by hosting it on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, the websites of the Stock Exchanges, i.e., BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, the website of the BRLM, i.e., SMC Capitals Limited at www.smccapitals.com and the website of our Company at www.sitaramdenims.com. Our Company hereby invites the public to give their comments on the DRHP along with the Draft Abridged Prospectus filed with SEBI and the Stock Exchanges, with respect to disclosures made therein. The members of the public are requested to send a copy of their comments to SEBI and/or to the Company Secretary and Compliance Officer of our Company and/or the BRLM at their respective addresses mentioned herein. All comments must be received by SEBI and/or our Company and/or the BRLM and/or the Company Secretary and Compliance Officer of our Company at their respective addresses mentioned herein in relation to the Offer on or before 5:00 p.m. on the 21st day from the date of publication of this public announcement.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the DRHP may only be made after the red herring prospectus ("**RHP**") has been filed with the Registrar of Companies, Jaipur at Rajasthan and must be made solely on the basis of such RHP, as there may be material changes in the RHP from the DRHP and the Draft Abridged Prospectus. The Equity Shares, when offered through the RHP, are proposed to be listed on the main board of the Stock Exchanges. The liability of the members of our Company is limited. For details of the share capital and capital structure of our Company and the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of Equity Shares subscribed by them, see "Capital Structure" beginning on page 117 of the DRHP. For details of the main objects of our Company as contained in its Memorandum of Association, see "History and Certain Corporate Matters" beginning on page 287 of the DRHP.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER	REGISTRAR TO THE OFFER
smc capitals	
SMC Capitals Limited A-401/402, Lotus Corporate Park, Off Western Express Highway, Jai Coach Junction, Goregaon (East) Mumbai – 400063, Maharashtra, India **Tel**: +91 22 6648 1818 **E-mail:** sitaram.ipo@smccapitals.com **Investor Grievance E-mail:** investor.grievance@smccapitals.com **Website:** www.smccapitals.com **Contact Person:** Suhas Satardekar **SEBI Registration Number.:** INM000011427	**Bigshare Services Private Limited** S6-2, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Mahakali Caves Road, Nxt to Ahura Centre, Andheri East, Mumbai- 400 093, Maharashtra, India **Telephone:** + 91 22 62638200 **E-mail:** ipo@bigshareonline.com **Investor grievance e-mail:** investor@bigshareonline.com **Website:** www.bigshareonline.com **Contact Person:** Vinayak Morbale **SEBI Registration Number.:** INR000001385

COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER

Shruti Joshi, Sitaram Denims India Limited | **Telephone:** +91 70233 66448 | **E-mail:** cs@sitaramdenims.com | **Website:** www.sitaramdenims.com

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the DRHP

For **Sitaram Denims India Limited**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Shruti Joshi
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Bhilwara, Rajasthan
Date: November 04, 2026

"**SITARAM DENIMS INDIA LIMITED** is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the DRHP along with the Draft Abridged Prospectus dated November 03, 2026 with SEBI and the Stock Exchanges. The DRHP and the Draft Abridged Prospectus shall be available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, as well as on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE and NSE at www.bseindia.com and www.nseindia.com, respectively, on the website of the Company at www.sitaramdenims.com; and on the websites of the Book Running Lead Manager ("BRLM"), SMC Capitals Limited at www.smccapitals.com. Any potential Bidders should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, see "Risk Factors" beginning on page 28 of the DRHP and the details set out in the RHP, when filed. Potential Bidders should not rely on the DRHP and the Draft Abridged Prospectus filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, when filed, for making investment decision. This announcement does not constitute an invitation or offer of sale in any jurisdiction, including India. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Offer have not been and will not be registered under the United States Securities Act of 1933 ("**U.S. Securities Act**") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable U.S. state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold outside the United States in "offshore transactions" in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales are made. There will be no public offering of the Equity Shares in the United States."

BRANDING EDGE

रोजगार सूचनाएं JOBS

■ **एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में मैनेजमेंट ट्रेनी (मार्केटिंग एंड सेल्स) के 50 पदों पर भर्ती।** आवेदन के लिए एमबीए की डिग्री अनिवार्य है। फ्रेशर्स भी आवेदन कर सकते हैं, जबकि सेल्स एवं नेगोशिएशन का 0 से 1 वर्ष का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण अवधि 1 वर्ष होगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 12 नवंबर है।

■ **तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) में अप्रेंटिस के 3047 पदों पर भर्ती।** इनमें ट्रेड अप्रेंटिस, डिप्लोमा अप्रेंटिस एवं ग्रेजुएट अप्रेंटिस के पद शामिल हैं। ट्रेड के अनुसार 10वीं, 12वीं, संबंधित आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक की योग्यता निर्धारित है। प्रमुख ट्रेडों में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशीनिस्ट, वेल्डर, कंप्यूटर ऑपरेटर, डीजल मैकेनिक, अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव, सिविल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल एग्जीक्यूटिव शामिल हैं। आयु सीमा 18 से 24 वर्ष है। चयन शैक्षणिक अंकों के आधार पर मेरिट सूची एवं दस्तावेज सत्यापन से होगा। प्रशिक्षण अवधि 12 माह रहेगी। राजस्थान के अभ्यर्थियों के लिए जोधपुर कार्य केंद्र निर्धारित है। इसके लिए राजस्थान का निवासी होना या संबंधित योग्यता राजस्थान से प्राप्त होना आवश्यक है। आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर है।

■ **सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) में शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत मेडिकल ऑफिसर के 120 पदों पर भर्ती।** इनमें पुरुष अभ्यर्थियों के 90 और महिला अभ्यर्थियों के 30 पद हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एमबीबीएस निर्धारित है। एमबीबीएस डिग्रीधारकों की आयु 30 वर्ष से कम तथा स्नातकोत्तर डिग्रीधारकों की आयु 35 वर्ष से कम होनी चाहिए। चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। साक्षात्कार दिसंबर 2026 में दिल्ली में संभावित है। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 18 नवंबर है।

■ **परमाणु ऊर्जा शिक्षा सोसायटी (एईईएस) में ने शिक्षण एवं अन्य पदों पर 254 पदों की भर्ती।** इनमें प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल, पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी), ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी), प्राइमरी टीचर (पीआरटी), लाइब्रेरियन, पीआरटी म्यूजिक एवं बालवाटिका टीचर के पद शामिल हैं। पदों के अनुसार 12वीं, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, बीएड एवं सीटीईटी सहित निर्धारित योग्यता आवश्यक है। आयु सीमा पद के अनुसार अधिकतम 30 से 50 वर्ष है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से पद के अनुसार होगा। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 22 नवंबर है।

■ **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) में प्रोबेशनरी इंजीनियर के 350 पदों पर भर्ती।** इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स के 200 और मैकेनिकल के 150 पद हैं। संबंधित विषय में 4 वर्षीय बीई, बीटेक या बीएससी इंजीनियरिंग डिग्रीधारक आवेदन कर सकते हैं। अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष है। भर्ती ई-2 ग्रेड के अंतर्गत होगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 नवंबर है।

■ **न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के नरौरा परमाणु बिजलीघर में अप्रेंटिस के 80 पदों पर भर्ती।** इनमें आईटीआई अप्रेंटिस के 50, डिप्लोमा अप्रेंटिस के 16 तथा ग्रेजुएट अप्रेंटिस के 14 पद शामिल हैं। संबंधित ट्रेड में आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक डिग्रीधारक आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा अप्रेंटिस के प्रकार के अनुसार 18 से 24, 25 या 26 वर्ष निर्धारित है। चयन योग्यता परीक्षा की मेरिट के आधार पर होगा। अंतिम तिथि 18 नवंबर है।

■ **भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में आर्टिजन ग्रेड-4 के 660 पदों पर भर्ती।** इसमें फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक और फाउंड्रीमैन ट्रेड शामिल हैं। अभ्यर्थी 10वीं उत्तीर्ण होने के साथ संबंधित ट्रेड में एनटीसी या आईटीआई तथा एनएसी प्रमाणपत्रधारक होना चाहिए। सामान्य एवं ओबीसी वर्ग के लिए दोनों प्रमाणपत्रों में न्यूनतम 60 प्रतिशत तथा एससी एसटी वर्ग के लिए 55 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। अधिकतम आयु 27 वर्ष है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और क्वालिफाइंग स्किल टेस्ट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 नवंबर तथा संभावित परीक्षा तिथि 11 दिसंबर है।

■ **राजकोट नगर निगम में अप्रेंटिस के 825 पदों पर भर्ती।** संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयन शैक्षणिक मेरिट के आधार पर किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को अप्रेंटिस अधिनियम एवं मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना के तहत निर्धारित दर से मासिक स्टाइपेंड दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर है। ऑनलाइन आवेदन के बाद भरे हुए आवेदन पत्र एवं स्वप्रमाणित दस्तावेजों की प्रति राजकोट नगर निगम कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा कराने की अंतिम तिथि 23 नवंबर है।

■ **भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने सीईएन 08/2026 के तहत स्नातक पास आवेदकों हेतु स्टेशन मास्टर के 1,215 पदों पर भर्ती।** आयु सीमा 1 जनवरी 2027 को 20 से 33 वर्ष निर्धारित है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा सहित निर्धारित भर्ती प्रक्रिया के अनुसार होगा। परीक्षा में 100 प्रश्न, 100 अंक और 120 मिनट का समय होगा। इसमें बेसिक साइंस, गणितीय एवं विश्लेषणात्मक क्षमता से 60, तार्किक क्षमता से 20 और मानसिक तर्कशक्ति से 20 प्रश्न होंगे। गलत उत्तर पर एक-तिहाई अंक की कटौती होगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है।

■ **दक्षिण पूर्व रेलवे ने वर्ष 2026-27 के लिए खेल कोटे के अंतर्गत ग्रुप 'सी' एवं ग्रुप 'डी' के कुल 54 पदों पर भर्ती।** इनमें ग्रुप 'सी' के लेवल 4 एवं 5 में 5 पद, लेवल 2 एवं 3 में 16 पद तथा ग्रुप 'डी' के लेवल 1 में 33 पद शामिल हैं। आवेदन के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के साथ संबंधित खेल में मान्य उपलब्धियां होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की आयु 1 जनवरी 2027 को 18 से 25 वर्ष होनी चाहिए। खेल उपलब्धियां 1 अप्रैल 2024 या उसके बाद की होनी चाहिए। चयन खेल परीक्षण, प्रमाणपत्र सत्यापन एवं खेलवार मेरिट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है।

■ **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु में 61 पदों पर भर्ती।** इसमें टेक्नीशियन-बी के 46, हेवी व्हीकल ड्राइवर-ए के 10, लाइट व्हीकल ड्राइवर-ए के 3 और स्टाफ कार ड्राइवर-ए के 2 पद शामिल हैं। टेक्नीशियन पद के लिए 10वीं पास के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई, एनटीसी, एनएसी योग्यता जरूरी है। ड्राइवर पदों के लिए 10वीं पास, निर्धारित ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव आवश्यक है। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष है, नियमानुसार छूट मिलेगी। चयन लिखित तथा कौशल परीक्षा से होगा। ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 13 नवंबर है।

■ **सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन (सीडब्ल्यूसी) में 327 पदों पर भर्ती।** इसमें असिस्टेंट मैनेजर के 6 पद-जनरल, टेक्निकल, फाइनेंस, सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग और जूनियर एग्जीक्यूटिव के 2 पद-जनरल एवं टेक्निकल शामिल हैं। पद के अनुसार शैक्षणिक योग्यता स्नातक, बीएससी, बीटेक, बीई, स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा निर्धारित है। भर्ती अखिल भारतीय स्तर पर होगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर है।

■ **भारत सरकार के आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड में ट्रेड्समैन ट्रेनी के 131 पदों पर भर्ती निकली है।** इसमें फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रूमेंटेशन और अटेंडेंट ऑपरेटर केमिकल प्लांट ट्रेड शामिल हैं। संबंधित पदों के लिए आईटीआईध्एनएसी या निर्धारित वैकल्पिक शैक्षणिक योग्यता आवश्यक है। अटेंडेंट ऑपरेटर केमिकल प्लांट पद के लिए निर्धारित योग्यता के साथ 2 वर्ष का संबंधित अनुभव भी जरूरी है। अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष है तथा नियमानुसार छूट मिलेगी। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, क्वालिफाइंग स्किल ट्रेड टेस्ट और दस्तावेज सत्यापन से होगा। प्रशिक्षण अवधि 1 वर्ष है, जिसमें मासिक स्टाइपेंड भी मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 9 नवंबर है।

■ **राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में इंस्पेक्टर के 29 और सब-इंस्पेक्टर के 28 सहित कुल 57 पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भर्ती निकली है।** अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री तथा आपराधिक मामलों की जांच, खुफिया कार्य, संचालन, आईटी मामलों या आतंकवाद-रोधी प्रशिक्षण में 2 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष है। इंस्पेक्टर पद के लिए वेतनमान पे-लेवल 7 तथा सब-इंस्पेक्टर के लिए पे-लेवल 6 निर्धारित है। आवेदन ऑफलाइन करना होगा। आवेदन निर्धारित पते पर विज्ञापन प्रकाशन से 45 दिनों के भीतर पहुंचना चाहिए उपलब्ध जानकारी के अनुसार अंतिम तिथि 22 नवंबर है।

■ **राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में सहायक उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल और डाटा एंट्री ऑपरेटर के कुल 111 पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भर्ती निकली है।** सहायक उपनिरीक्षक के लिए स्नातक , हेड कांस्टेबल के लिए 12वीं पास तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए आईटी में 'ओ' या 'ए' लेवल प्रमाणपत्र के साथ निर्धारित अनुभव आवश्यक है। अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष है। पद के अनुसार वेतनमान पे-लेवल 4 और पे-लेवल 5 निर्धारित है। आवेदन ऑफलाइन करना होगा तथा निर्धारित आवेदन पत्र डाक से भेजना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर है।

■ **ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) में सीए सीएमए इंडस्ट्रियल ट्रेनी के 50 पदों पर प्रशिक्षण का अवसर है।** इनमें सीए और सीएमए के 25-25 पद शामिल हैं। आवेदन के लिए सीएध्सीएमए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होने के साथ 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60ः अंक आवश्यक हैं। अभ्यर्थी का जन्म 1 जनवरी 2000 या उसके बाद होना चाहिए। प्रशिक्षण के लिए दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, वडोदरा और कोलकाता स्थान निर्धारित हैं। चयन पात्रता, निर्धारित प्राथमिकता मानदंड और साक्षात्कार के आधार पर होगा। निर्धारित गूगल फॉर्म से आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर है।

■ **भारत सरकार के सेमी-कंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल), मोहाली में 83 पदों पर भर्ती। इसमें प्रशासनिक अधिकारी, लेखा अधिकारी, खरीद एवं भंडार अधिकारी, जूनियर पर्सनल असिस्टेंट, टेक्निकल असिस्टेंट और टेक्नीशियन-बी के पद शामिल हैं।** कुल पदों में प्रशासनिक श्रेणी के 12, टेक्निकल असिस्टेंट के 30 और टेक्नीशियन-बी के 41 पद हैं। शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा पद के अनुसार निर्धारित हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। नियुक्ति एससीएल, एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब में होगी एवं आवश्यकता के अनुसार अन्य स्थान पर भी तैनाती की जा सकती है।

■ **आयकर विभाग, दिल्ली क्षेत्र में खेल कोटे के तहत टैक्स असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर ग्रेड-2 और मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के कुल 119 पदों पर भर्ती निकाली गई है।** इसमें आवेदन के लिए पद के अनुसार 10वीं, 12वीं या स्नातकातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों के पास निर्धारित स्तर की मान्यता प्राप्त खेल उपलब्धियां होना भी जरूरी है। टैक्स असिस्टेंट और स्टेनोग्राफर के लिए आयु सीमा 18 से 27 वर्ष तथा एमटीएस के लिए 18 से 25 वर्ष निर्धारित है, जिसकी गणना 31 अगस्त 2026 के आधार पर होगी। चयन खेल उपलब्धियों और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर छंटनी तथा आवश्यक सत्यापन आकलन के माध्यम से किया जाएगा। पद के अनुसार वेतनमान सातवें वेतन आयोग के पे-लेवल 1 या 4 के तहत मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन 10 नवंबर तक किए जा सकते हैं।

■ **कोच्चि मेट्रो रेल कार्पोरेषन में 70 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती।** इनमें 16 ग्रेजुएट टेक्निकल, 6 ग्रेजुएट नॉन-टेक्निकल, 28 डिप्लोमा टेक्नीशियन और 20 आईटीआई ट्रेड अप्रेंटिस के पद हैं। ग्रेजुएट टेक्निकल के लिए संबंधित इंजीनियरिंग में 4 वर्षीय बीटेक, बीई, ग्रेजुएट नॉन-टेक्निकल के लिए बीबीए, बीकॉम, बीसीए, डिप्लोमा पदों के लिए संबंधित 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा तथा आईटीआई पदों के लिए संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र आवश्यक है। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 10 नवंबर है।

■ **भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय में डिप्टी फील्ड ऑफिसर (टेक्निकल) के 250 पदों पर भर्ती।** आवेदन के लिए इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में स्नातक अथवा अधिसूचना में निर्धारित विषयों में विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ वैध गेट स्कोर कार्ड होना आवश्यक है। चयन गेट स्कोर और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। ऑफलाइन डाक द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर है।

■ **ओडिशा राज्य चयन बोर्ड ने लैबोरेटरी असिस्टेंट-कम-स्टोरकीपर के 435 पदों पर भर्ती।** पद के लिए शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा और चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी विज्ञापन में शीघ्र जारी की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 16 नवंबर 2026 है।

■ **ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड (ग्रिड-इंडिया) में इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर साइंस के एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के कुल 52 पद की भर्ती।** चयन गेट 2027 के स्कोर के आधार पर होगा। प्रमुख केंद्र दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, गुवाहाटी और शिलांग हैं।

■ **ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन (ओएवीएस) में प्रिंसिपल एवं शिक्षक के कुल 815 पदों की भर्ती।** भर्ती स्कूल एवं जन शिक्षा विभाग, ओडिशा सरकार के अंतर्गत सीधी भर्ती के आधार पर होगी। नियुक्ति ओडिशा आदर्श विद्यालयों में होगी। आवेदन ऑनलाइन की अंतिम तिथि 11 नवंबर है।

■ **केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने स्पोर्ट्स कोटा के तहत हेड कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के 182 और कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के 339, कुल 521 पदों पर भर्ती निकाली है।** ये ग्रुप-सी, गैर-राजपत्रित एवं गैर-मंत्रालयिक पद हैं। भर्ती खिला?यों के लिए निर्धारित खेल उपलब्धियों, योग्यता के आधार पर होगी। आयु सीमा 18 से 23 वर्ष और आवेदन की अंतिम तिथि 11 नवंबर है।

■ **रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा नॉन-टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (अंडरग्रेजुएट) के तहत 1,688 पदों पर भर्ती।** ये पद 12वीं या समकक्ष योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए हैं तथा पद लेवल-2 और लेवल-3 में हैं। भर्ती में जूनियर क्लर्क-कम-टाइपिस्ट, अकाउंट्स क्लर्क-कम-टाइपिस्ट, कमर्शियल-कम-टिकट क्लर्क और ट्रेन क्लर्क जैसे पद शामिल होते हैं। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष है। चयन प्रक्रिया में कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी), टाइपिंग स्किल टेस्ट जहां लागू हो, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षा शामिल रहती है। आवेदन ऑनलाइन की अंतिमतिथि 13 नवंबर है।

■ **आर्मी सर्विस कोर सेंटर (साउथ) द्वारा विभिन्न सिविलियन पदों के कुल 62 पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।** इनमें सिविलियन कैटरिंग इंस्ट्रक्टर (सीसीआई), कुक, मल्टी टास्किंग स्टाफ (चैकीदार), सिविलियन मोटर ड्राइवर, क्लीनर, ट्रेड्समैन मेट (लेबर), फायर इंजन ड्राइवर, फायरमैन एवं लीडिंग फायरमैन के पद शामिल हैं। पदानुसार मैट्रिकुलेशन तथा संबंधित ट्रेड का अनुभव एवं दक्षता अथवा वैध ड्राइविंग लाइसेंस आवश्यक है। अधिकांश पदों के लिए आयु सीमा 18 से 25 वर्ष, जबकि सिविलियन मोटर ड्राइवर के लिए 18 से 27 वर्ष है। रिक्तियां बेंगलुरु, पुणे तथा पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम एवं पूर्वोत्तर के विभिन्न स्थानों पर हैं।

■ **भारतीय नौसेना के नेवल डॉकयार्ड, कारवार (कर्नाटक) और नेवल एयरक्राफ्ट यार्ड, डाबोलिम (गोवा) में अप्रेंटिस प्रशिक्षण के 210 स्थानों पर भर्ती है।** इनमें कारवार में 180 और गोवा में 30 सीटें हैं। संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र धारक तथा निर्धारित गैर-आईटीआई ट्रेडों के 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। क्रेन ऑपरेटर के लिए 10वीं और रिगर ट्रेड के लिए 8वीं पास योग्यता निर्धारित है। आईटीआई अभ्यर्थियों को मासिक स्टाइपेंड मिलेगा। चयन 10वीं और आईटीआई के अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग तथा लिखित परीक्षा से होगा। आवेदन के लिए पहले अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण कर दस्तावेजों सहित प्रिंटेड आवेदन डाक से भेजना होगा। अंतिम तिथि 9 नवंबर है।

■ **सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में सीनियर पर्सनल असिस्टेंट के 65 पदों पर भर्ती।** स्नातक के साथ अंग्रेजी शॉर्टहैंड में 110 शब्द प्रति मिनट और कंप्यूटर टाइपिंग में 40 शब्द प्रति मिनट की गति चहिये। आयु 18 से 30 वर्ष है। चयन आवेदकों के ऑब्जेक्टिव टेस्ट, अंग्रेजी शॉर्टहैंड टेस्ट, कंप्यूटर टाइपिंग टेस्ट और साक्षात्कार के आधार पर होगा। ऑनलाइन करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर है।

■ **दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के 219 पदों पर भर्ती है।** संबंधित विषय में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है। प्रमुख विषयों में एप्लाइड केमिस्ट्री, केमिकल इंजीनियरिंग, एप्लाइड मैथमेटिक्स, मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग, एप्लाइड फिजिक्स, इंजीनियरिंग फिजिक्स, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, डिजाइन, बायोटेक्नोलॉजी, जियोस्पेशियल साइंस और जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 दिसंबर है। चयन स्क्रीनिंग, दस्तावेज एवं अंकों के सत्यापन, और साक्षात्कार के आधार पर होगा।

■ **ओडिशा यूनिफॉर्म्ड सर्विसेज स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा कांस्टेबल एवं अन्य पदों के 7,268 पदों पर भर्ती निकाली गई है। पदों में कांस्टेबल (सिविल), कांस्टेबल** (कम्युनिकेशन), कांस्टेबल ओएसएफ, फायरफाइटर, फायरफाइटर ड्राइवर, ड्राइवर पीएमटी और ट्रैफिक कांस्टेबल शामिल हैं। शैक्षणिक योग्यता पद के अनुसार 12वीं उत्तीर्ण या निर्धारित समकक्ष योग्यता है। आयु सीमा पद के अनुसार 18 से 26 वर्ष, 18 से 25 वर्ष, 18 से 23 वर्ष या 21 से 32 वर्ष है। चयन लिखित परीक्षा, शारीरिक माप, शारीरिक दक्षता परीक्षा, लागू होने पर ड्राइविंग टेस्ट, मेडिकल और दस्तावेज सत्यापन से होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 13 नवंबर है।

■ **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा राज्य के जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग हेतु इंजीनियर के 1050 पदों की भर्ती।** आयु सीमा 21 से 40 वर्ष है योग्यता संबंधित इंजीनियरिंग ब्रांच जैसे सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, आदि में से किसी एक में में डिग्री अथवा डिप्लोमा होना आवश्यक है। इस संबंध में विस्तृत विज्ञप्ति शीघ्र जारी की जाएगी।

< नेशनल प्रोजेक्ट कन्स्ट्रक्शन कार्पोरेशन द्वारा विभिन्न अधिकारियों के 12 पदों की भर्ती। योग्यता पदानुसार व्यवसायिक डिग्री चहिये। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 नवंबर है।

उपरोक्त सभी रोजगार सूचनाओं की विस्तृत जानकारी हेतु आप हमारे ''लोकजीवन'' समाचारपत्र के कैरियर काउन्सलर से संपर्क कर सकते हैं जिनका पता है -

अरूणसंतोष मुछाल

द्वारा-लक्की फोटोस्टेट, फार्म एण्ड बुक्स,105, बालाजी मार्केट, भीलवाड़ा और अब अंत में कुछ जानकारी आगामी महीनों में होने वाली मुख्य मुख्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथियों की जो कि इस प्रकार है-

■ कर्मचारी चयन आयोग की सीपीओ परीक्षा
20 से 28 नवम्बर

■ आईबीपीएस ग्रामीण बैंक ऑफिसर परीक्षा
21 से 22 नवम्बर

■ स्टेट बैंक की क्लर्क भर्ती मुख्य परीक्षा
26 नवम्बर

■ संघ लोक सेवा आयोग आइएफएस मुख्य परीक्षा
22 से 29 नवम्बर

■ कर्मचारी चयन आयोग की सीनीयर सैकण्डरी लेवल परीक्षा
30 नवम्बर से

■ आईबीपीएस ग्रामीण बैंक क्लर्क भर्ती परीक्षा
30 नवम्बर से 31 दिसम्बर

महत्वपूर्ण सूचनाः उपरोक्त सभी जानकारियां केवल सूचना मात्र है। किसी भी भर्ती के लिये आवेदन करने से पूर्व सम्बन्धित विभाग की अधिकृत विज्ञप्ति का अवलोकन अवश्य करें।

नेशनल हाईवे-148 डी पर मिला स्कूटी सवार युवक का शव

भीलवाड़ा। भीम रोड स्थित नेशनल हाईवे-148 डी पर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब महाकाल दूना मंदिर के पास एक युवक का शव उसकी स्कूटी के साथ एक गहरी खाई में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक तौर पर शव एक दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। दरअसल, नेशनल हाईवे पर बामणी चौराहे के नजदीक से गुजर रहे राहगीरों की नजर जब अचानक गहरी खाई में पड़ी, तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने देखा कि खाई के अंदर एक स्कूटी पड़ी है और उसके पास ही एक युवक का शव मृत अवस्था में है। राहगीरों ने बिना कोई देरी किए तुरंत आसींद थाना पुलिस को इस वीभत्स घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही आसींद थाने की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और भारी मशक्कत के बाद शव को खाई से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान आसींद में आंचलैक कॉलेज के पास रहने वाले रामप्रसाद गुर्जर (33 वर्ष) पुत्र गजमल गुर्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को तुरंत अपने कब्जे में लेकर आसींद अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

यह सवाल सबसे बड़ा बना हुआ है कि युवक स्कूटी समेत अचानक खाई में कैसे जा गिरा? क्या यह तेज रफ्तार का कहर था, किसी अज्ञात वाहन ने टक कर मारी थी या फिर इसके पीछे कोई सोची-समझी साजिश है? इन सभी पहलुओं का जवाब फिलहाल पहली बना हुआ है। हालांकि प्रारंभिक जांच में वाहन का खाई में गिरना सामने आ रहा है, लेकिन पुलिस हर एंगल से गहराई से पड़ताल कर रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जब पुलिस ने मृतक रामप्रसाद गुर्जर के परिजनों से संपर्क किया, तो पता चला कि वे किसी काम से रतलाम गए हुए हैं। पुलिस के अनुसार, परिजनों के लौटने के बाद गुरुवार को उनका पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। परिजनों की तरफ से मिलने वाली लिखित शिकायत और मौके के साक्ष्यों के आधार पर पुलिस मामले की गहनता से जांच कर आगामी कानूनी कार्रवाई को आगे बढ़ाएगी।

गाडरमाला में बाइक खड़ी करने को लेकर खूनी संघर्ष, महिलाओं समेत 14 लोग घायल

भीलवाड़ा। जिले के गर्डरमाला गांव में मामूली सी बात ने विकराल रूप ले लिया। दुकान के बाहर बाइक खड़ी करने के विवाद को लेकर दो पड़ोसी दुकानदार और उनके पक्ष आमने-सामने आ गए, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें महिलाओं सहित कुल 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कारोई थाने के दीवान दिनेश कुमार ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि गाडरमाला गांव में मुस्लिम समुदाय के नीलगर व मंसूरी पक्ष की वेल्डिंग और बाइक रिपेयरिंग की दुकानें आसपास ही स्थित हैं। बुधवार को जब एक दुकान के बाहर बाइक खड़ी की गई, तो दूसरे पक्ष ने उसपर एतराज जताया, जिसके चलते पहले कहासुनी और फिर देखते ही देखते बात हाथापाई तक पहुंच गई। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर भिड़ गए। इस हिंसक झड़प में एक पक्ष की फरीदा बानो, अफसर बानो, रफीक मोहम्मद, शब्बीर मोहम्मद, बाबू मोहम्मद, और यासिन मोहम्मद घायल हुए। वहीं दूसरे पक्ष से नसीम बानो, राबिया बानो, अब्दुल मोहम्मद, फयाज मोहम्मद, आज़ाद मोहम्मद, आवेश, शहनाज, फरजाना आदि चोटिल हो गए। ायलों में से सात लोगों (फरीदा बानो, रफीक मोहम्मद, बाबू मोहम्मद, नसीम बानो, अब्दुल मोहम्मद, फयाज मोहम्मद और आवेश) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक जांच में यह बात भी सामने आई है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से ही पुरानी रंजिश चली आ रही थी। दोनों पक्षों के यासिन मोहम्मद और फयाज मोहम्मद ने कारोई थाने में एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है।

बड़लियास में लोहे के पाइप व सरियों से जनलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा। जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र में सड़क के बीच गाड़ी खड़ी कर शराब पी रहे कुछ युवकों को टोकना दो ग्रामीणों को इतना महंगा पड़ा कि आरोपियों ने उनपर लोहे के पाइप और सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। इस खौफनाक हमले में दोनों ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और वारदात में इस्तेमाल की गई बलेनो कार को भी जब्त कर लिया है। बड़लियास थाने के एएसआई गोपाल लाल के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विनोद (पुत्र लादूलाल जाट, निवासी दांथल), प्रहलाद (पुत्र देवीलाल गाडरी, निवासी धांगड़स) और विकास (पुत्र भंवर जाट, निवासी पूर्णा की झोपड़ियां) के रूप में हुई है। बड़लियास निवासी कमलेश कीर (पुत्र शंकर कीर) ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 31 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे वह और भंवर लाल कीर अपने खेत से घर लौट रहे थे। रास्ते में सड़क के बीच एक चार पहिया वाहन खड़ा था जिसमें कुछ युवक शराब पी रहे थे। जब उन्होंने वाहन को रास्ते से किनारे करने का आग्रह किया, तो आरोपी भड़क गए। विनोद जाट, विकास जाट और उनके साथियों ने वाहन से नीचे उतरकर लोहे के पाइप और सरियों से दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के दौरान दोनों ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए पास ही पड़ी चंबल पेयजल लाइन के पाइपों की ओट में छिप गए, जिससे उनकी जान बच पाई। आरोपी जाते-जाते गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां भी दे गए। गंभीर रूप से घायल भंवर लाल कीर को उपचार के लिए भीलवाड़ा के पोरवाल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को दबोच लिया।

एसबीआई की ई-नीलामी में लाखों की धोखाधड़ी, जमीन कम मिलने पर हाईकोर्ट और एसपी सख्त

भीलवाड़ा। शहर के एक व्यापारी के साथ भारतीय स्टेट बैंक की ई-नीलामी के दौरान बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बैंक अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने नीलामी में औद्योगिक भूमि का रकबा ज्यादा दिखाकर व्यापारी से 70 लाख से अधिक की राशि वसूल ली, जबकि मौके पर जमीन काफी कम निकली। पुलिस और प्रशासन से न्याय न मिलने पर पीड़ित व्यापारी ने राजस्थान हाईकोर्ट की शरण ली, जिसके बाद अदालत और जिला पुलिस अधीक्षक के स्तर पर जांच व कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए गए हैं। शहर की वर्धमान कॉलोनी निवासी प्रवीन पुत्र मनोहरलाल चंडालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 9 दिसंबर 2025 को आयोजित ई-नीलामी में हिस्सा लिया था। इस नीलामी के माध्यम से उन्होंने मांडल कस्बे के समीप स्थित 3135 वर्ग मीटर औद्योगिक भूमि को 70 लाख 61 हजार रुपए में खरीदा था। व्यापारी ने नियमानुसार इस पूरी भूमि की राशि 24 दिसंबर 2025 तक बैंक में जमा करवा दी थी। व्यापारी का गंभीर आरोप है कि तीन बैंक अधिकारियों ने आपस में मिलीभगत कर उनके साथ सोची-समझी धोखाधड़ी की है। नीलामी दस्तावेजों में भले ही 3135 वर्ग मीटर भूमि दर्शाई गई थी, लेकिन जब व्यापारी ने मौके पर जाकर देखा तो वहां केवल करीब 1906 वर्ग मीटर जमीन ही उपलब्ध पाई गई। क्षेत्रफल कम होने के कारण बैंक द्वारा उन्हें उस खरीदी गई भूमि का भौतिक कब्जा भी नहीं सौंपा जा रहा है। व्यापारी का कहना है कि उन्होंने पूरी राशि का भुगतान कर दिया है, लेकिन उन्हें न तो पूरी जमीन मिल पाई और न ही उसका कब्जा। शुरुआत में स्थानीय थाने और फिर जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) सागर राणा को परिवाद देकर पीड़ित व्यापारी चंडालिया ने न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक अधिकारियों ने जानबूझकर तथ्यों को छिपाकर उनके साथ लाखों रुपए की ठगी की है, इसलिए संबंधित अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस पर एसपी सागर राणा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस स्तर पर संतोषजनक कार्रवाई न होने पर प्रवीन चंडालिया ने राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई करते हुए जोधपुर हाईकोर्ट के विद्वान न्यायाधीश सुनील बेनीवाल ने याचिका का निस्तारण किया।

राष्ट्रीय साहित्य उत्सव 3 फरवरी से साहित्यकार और युवा करेंगे शिरकत

लोकजीवन न्यूज सर्विस, चित्तौड़गढ़

आगामी 3 से 5 फरवरी 2027 को श्री सांवलिया जी धर्मशाला में राष्ट्रीय स्तर के चित्तौड़गढ़ साहित्य उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। 21वीं सदी के राजस्थान साहित्यिक आंदोलन के संस्थापक-प्रवर्तक वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार अनिल सक्सेना 'ललकार' के मार्गदर्शन में होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। यूथ मूवमेंट राजस्थान के संस्थापक शाश्वत सक्सेना ने बताया कि इस राष्ट्रीय उत्सव में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और बिहार सहित 10 राज्यों के साहित्यकारों ने आने की इच्छा जताई है, जिनके चयन की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को साहित्य, संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ना तथा राजस्थान की लुप्त होती लोककलाओं का संरक्षण व संवर्धन करना है। उत्सव के दौरान पुस्तक मेला, कला एवं चित्रकला प्रदर्शनी, बाल व युवा सृजन, पारंपरिक कलाओं पर संवाद और विशेष साहित्यिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, देश भर के पुस्तक प्रकाशकों, लेखकों, कलाकारों और सांस्कृतिक संगठनों को अपने स्टॉल लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है। आयोजन को व्यापक और सफल बनाने के लिए प्रदेश स्तर पर 21 सदस्यीय और चित्तौड़गढ़ जिले में 51 सदस्यीय समितियों का गठन किया जा रहा है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों को जोड़ा जा सके।



उल्लेखनीय है कि 21वीं सदी का राजस्थान साहित्यिक आंदोलन वर्ष 2010 से निरंतर सक्रिय है और अब तक प्रदेश भर में एक हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित कर चुका है। चित्तौड़गढ़ साहित्य उत्सव इसी अनवरत अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो साहित्य को समाज के साथ जोडने् का कार्य कर रहा है। उत्सव में भाग लेने या स्टॉल लगाने के इच्छुक प्रतिभागी आयोजन समिति से संपर्क कर सकते हैं।

प्रोसेस हाउस में गैस रिसाव से तीन कर्मचारी अचेत

भीलवाड़ा। शहर के प्रताप नगर थाना इलाके में बुधवार को एक प्रोसेस हाउस के भीतर केमिकल से अचानक जहरीली गैस का रिसाव होने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इस गैस की चपेट में आने से तीन कर्मचारियों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। तीनों को तुरंत आपातकालीन स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। इस घटना में प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की पहचान शंकर (27 वर्ष, पुत्र देवराज राजपूत, निवासी सुजानपुरा), देवराज (35 वर्ष, पुत्र भंवरसिंह राजपूत) और लोकेश (30 वर्ष, पुत्र प्रेमसिंह राजपूत, मूल निवासी रूणिचा, हाल निवासी लक्ष्मी नगर) के रूप में हुई है। ये तीनों कर्मचारी एक प्रोसेस हाउस के अंदर अपने नियमित कार्य पर तैनात थे। इसी दौरान वहां रखे केमिकल से अचानक जहरीली गैस का रिसाव हो गया, जिससे सांस लेने में तकलीफ होने और दम घुटने के कारण तीनों की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे अचेत होने लगे। साथियों की मदद से उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उनका उपचार किया, जिसके बाद उनकी स्थिति खतरे से बाहर हो गई और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

